## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने अफीम तस्कर को भेजा जेल

**शिवराजपुर** । जालौन जिले के कालपी थाना अंतर्गत देवपुरा गांव निवासी अनवार अली पुत्र लडडन अली को थाना प्रभारी अमित सिंह ने टीम के साथ दबिश देकर उस समय दबोच लिया जब वह खेरेश्वर गंगा पुल से उन्नाव की तरफ भागने की फिराक में था। उसके पास से 403 ग्राम अफीम बरामद की गई। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाला युवक गया जेल

**बिल्हौर** । साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले एक व्यक्ति को ककवन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पर आरोप है कि उसने हिंदू देवी-देवताओं के विरुद्ध अपमानजनक और अमर्यादित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था, जिससे क्षेत्र में तनाव फैलने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। पुलिस ने बताया कि ककवन निवासी मो. शरीफ 40 ने हिंदू देवी-देवताओं के प्रति अमर्यादित वीडियो वायरल किया था। पुलिस के मुताबिक, इस कृत्य से क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव फैल सकता था। इसी के चलते थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में गठित की गई टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को कस्बा ककवन से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# रंजिश के चलते कुल्हाड़ी और चाकू से किया हमला

## दो लोग गंभीर रूप से हुए घायल, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार** । बिल्हौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बछना में रंजिश को लेकर एक गुट ने एक परिवार के कई लोगों पर कुल्हाड़ी, चाकू और लाठियों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित पक्ष के लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थिनी रेखा देवी पत्नी अजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विवाद की शुरुआत बीते 25 मार्च की शाम को हुई थी, जब उनके पुत्र अनमोल के साथ गांव के ही पंकज उर्फ धीर सिंह और राज यादव ने गाली-गलौज और मारपीट की थी।



इसी के चलते गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे, जब रेखा देवी के पति अजीत सिंह और पुत्र अनमोल अपने घर से खेत की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे हमलावरों ने उन पर हमला बोल दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावर पंकज उर्फ धीर सिंह और राज यादव हाथ में कुल्हाड़ी लिए हुए, नीरज सिंह चाकू और संदीप लाठी लिये हुए थे। सभी ने एकराय होकर अजीत सिंह और अनमोल पर हमला कर उन्हें लहुलुहान कर दिया। शोर सुनकर जब परिवार के अन्य सदस्य विशाल और चंद्रशेखर मौके पर पहुंचे, तो हमलावरों ने उन पर भी कुल्हाड़ी और चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही परिजनों ने 100 नंबर पर फोन किया और एंबुलेंस की मदद से घायलों को पहले बिल्हौर अस्पताल ले गये। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया है।

थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया की पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है तथा आरोपियों की तलाश भी जोरो से की जा रही है।

**ट्रैक्टर से गिरकर बच्चे की मौत : शिवराजपुर** । ट्रैक्टर में बैठे बच्चे की ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई। क्षेत्र के मुस्ता गांव निवासी राहुल गौतम अपने डेढ़ वर्षीय बच्चे आरुल को लेकर खेत पर गए थे। वह खड़े ट्रैक्टर में बैठ गया। तभी वह अचानक ट्रैक्टर से गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे शिवराजपुर सीएचसी ले गए। वहां पर डॉक्टरों ने उसे बचाने का हर संभव प्रयास किया किंतु अंत में डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

# दीपों की रोशनी से जगमगाया शेषावतार मंदिर

संवाददाता ,घाटमपुर

**अमृत विचार**। क्षेत्र के परास गांव स्थित प्राचीन शेषावतार मंदिर गुरुवार को दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर भक्ति और आस्था का अद्भुत केंद्र बन गया। मंदिर परिसर में आयोजित दीपदान कार्यक्रम के दौरान हजारों दीपों की जगमगाहट से पूरा वातावरण दिव्य और भव्य हो गया।

इस अवसर पर आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की। भक्तों ने माता के जयकारों के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दीपदान के बाद मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर समिति के अनुसार शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर यहां विशाल मेले का आयोजन होगा।



दीप प्रज्ज्वलित करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**मरियानी गांव में निकाली गई जवारा यात्रा:चौबेपुर**। चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर गुरुवार को क्षेत्र के मरियानी गांव में जवारा यात्रा निकाली गई। ढोल ताशों के साथ निकली इस यात्रा में श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बना। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर मरियानी गांव में निकाली गई भव्य जवारा यात्रा में श्रद्धालु जवारा को सिर पर रखकर चल रहे थे। इस दौरान महिला, पुरुष व बच्चे भक्ति गीतों पर थिरकने के साथ माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। यात्रा का समापन मां दुर्गा देवी मंदिर पहुंच कर हुआ। इस मौके पर ग्राम प्रधान दिनेश शुक्ला, पूर्व प्रधान श्याम जी कुशवाहा, रजनीकांत शुक्ला, विशाल पांडे आदि रहे।

# डीएम ने पत्नी संग की पूजा-अर्चना

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार** । गुरुवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह अपनी पत्नी रश्मि सिंह के साथ मां कूष्मांडा देवी मंदिर पहुंचे।

मंदिर पहुंचकर जिलाधिकारी ने पत्नी संग मां कूष्मांडा के दर्शन कर पूजन किया। मंदिर के पुजारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उनका पूजन संपन्न कराया गया। इसके बाद डीएम और उनकी पत्नी यज्ञशाला पहुंचे और यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं और जनकल्याण, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। इसके बाद जिलाधिकारी व उनकी पत्नी ने कन्या पूजन कर कन्याओं को फल वितरित किया।



पत्नी के साथ पूजा करने जाते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### अदालती सूचना

**न्यायालय,नायब तहसीलदार,तहसील मैथा,कानपुर देहात**

वाद संख्या-T202503400703201

सन 2025

**अंतर्गत धारा- 34-उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006**

**ग्राम-जैतपुर शिवली,तहसील मैथा,कानपुर देहात**

**रामस्वरूप बनाम रमेश**

**वास्ते-** रामस्वरूप पुत्र सीताराम निवासी नयापुरवा मजरा भेवान तहसील मैथा कानपुर देहात आपको को आदेशित किया जाता है। कि दिनांक 31-03-2026 को मेरी अदालत में उपस्थित होकर उपरोक्त वाद में अपना पक्ष प्रस्तुत करे। अनुपस्थित रहने पर आदेश आप के विरुद्ध भी जा सकता है।

**तहसीलदार,तहसील मैथा, कानपुर देहात**



ट्राफी के साथ मौजूद आयोजक व अतिथि। अमृत विचार

# बाबा इलेवन ने 9 विकेट से दर्ज की शानदार जीत

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार**। घाटमपुर में स्वर्गीय सूर्यभान सिंह की स्मृति में आयोजित जीपीएल सीजन वन में गुरुवार को खेले गए मैच मे बाबा इलेवन ने रोहित सोनी इलेवन को 9 विकेट से हराया कर मैच जीत लिया।

टॉस जीतकर बाबा इलेवन ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। रोहित सोनी इलेवन ने पहले खेलते हुए सभी विकेट खोकर मात्र 54 रन बना सकी। उनकी तरफ विशाल पाल ने सर्वाधिक 17 रन बनाए।

वहीं बाबा इलेवन की तरफ से रवींद्र ने 4 विकेट और रोहित ने 3 विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाबा इलेवन ने 4 ओवर में 1 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बाबा इलेवन की तरफ से राहुल सचान ने सर्वाधिक 27 बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आज के गेस्ट रहे रोहित गुप्ता प्लेयर पैरा एथलीट भारतीय क्रिकेट टीम और राहुल गुप्ता कैप्टन पैरा एथलीट भारतीय क्रिकेट टीम के द्वारा दिया गया। इस मौके पर चंद्रभान सिंह परिहार पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ, पिंटू सिंह परमार अध्यक्ष ठाकुर महासभा,अंकित परमार, रामगोपाल पासवान ,मारूफ मसूरी, भूपकिशोर सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### युवक ने किया छेड़छाड़ तो कहीं युवती कर रही परेशान, रिपोर्ट दर्ज

**चौबेपुर** । क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई छेड़छाड़ की घटनाओं में पीड़ित पक्षों ने मामले की शिकायत थाना पुलिस में की। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। निराला नगर, रसूलाबाद कानपुर देहात निवासी पीड़िता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है वह चौबेपुर क्षेत्र निवासी अपने मौसा के घर में रहकर आईटीआई,पांडु नगर,काकादेव कानपुर पढ़ने के लिए जाती है। बताया कि गत 24 मार्च को वह छुट्टी के बाद संस्थान से घर वापस लौटने के लिए रावतपुर स्टेशन के सामने से चौबेपुर के लिए टेंपो में बैठी थी। तभी बगल में बैठे युवक अरसलाम पुत्र मोहम्मद अतीक, निवासी कर्नलगंज कानपुर ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर अभद्रता व गाली गलौज करने लगा। मामले की जानकारी मोबाइल द्वारा परिजनों को दिए जाने पर लोगों ने शोहदे को चौबेपुर में आकर पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वहीं एक अन्य घटना में क्षेत्र के नोनहा कला गांव निवासी ममता देवी पत्नी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके बेटे अर्जुन सिंह को क्षेत्र के एक गांव की युवती मोबाइल पर मैसेज भेज कर परेशान करती है। बताया कि मामले की शिकायत करने बेटा जब युवती के घर पहुंचा,तो उसके परिजनों ने कमरे में बंद कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में अर्जुन के शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की जा रही है।

# खाद्य विभाग की टीम ने दुकानों पर की छापेमारी

संवाददाता,चौबेपुर

**अमृत विचार**। घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर मची मारामारी के चलते गुरुवार को खाद्य विभाग की टीम ने चौबेपुर कस्बे के कई छोटे, बड़े होटलों व रेस्टोरेंट में छापेमारी की।

मालूम हो कि घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत के चलते गैस एजेंसियों व गोदामों के बाहर सुबह से ही लोगों की भीड़ जुट रही है। दूसरी ओर कामर्शियल सिलेंडर के वितरण पर लगी रोक से होटल व रेस्टोरेंट संचालक भी घरेलू गैस सिलेंडर को उपयोग में ले रहे हैं। इसीके चलते गुरुवार को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ओपी राणा ने टीम के साथ कस्बे के कई छोटे बड़े होटल व रेस्टोरेंट में छापेमारी की। टीम को देख दुकानदारों में अफरातफरी मच गई। खाद्य अधिकारी ओपी राणा ने बताया कि छापेमारी का अभियान निरंतर जारी रहेगा।




## न्यूज ब्रीफ

### डौडियापुर गांव के पास नहर में मिला बच्ची का शव

**राजपुर।** सिकंदरा व राजपुर बॉर्डर के डौडियापुर गांव के समीप से निकली नहर में एक दो साल की मासूम बच्ची का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची राजपुर व सिकंदरा पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला। मासूम के हाथों में नायलॉन की रस्सी बंधी हुई थी। अंदाजा है कि शव एक ही दिन पुराना है। पुलिस ने शव शिनाख्त के लिए ग्रामीणों से प्रयास किया गया। शिनाख्त न होने से सिकंदरा पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। सिकंदरा थानाध्यक्ष जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

### युवा संसद स्पर्धा में किया उम्दा प्रदर्शन

**कानपुर देहात।** अकबरपुर डिग्री कॉलेज में आयोजित 'आपातकाल के 50 वर्ष' विषय पर आधारित युवा संसद भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के चार छात्रों ने हिस्सा लिया। अपने ओजस्वी भाषण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर कशिश कुशवाहा और कन्हैया का चयन अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर हरीश कुमार सिंह और प्रबंध समिति के मंत्री प्रबंधक श्रीप्रकाश द्विवेदी ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के शिक्षकों ने चयनित छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की सलाह दी।

### रिजर्व पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर हुआ

**कानपुर देहात।** गुरुवार को माती स्थित रिजर्व पुलिस लाइन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में आम लोगों और पुलिस कर्मियों ने रक्तदान किया। प्रतिसार निरीक्षक प्रेमचंद्र शुक्ला की देखरेख में शिविर का आयोजन हुआ। बताया गया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य आवश्यकतानुसार रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ावा देना था। शिविर में पुलिस कर्मियों एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों द्वारा उत्साहपूर्वक रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।

### आर्म्स एक्ट के मामले में दोषी को सजा

**कानपुर देहात।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान को एक और सफलता मिली। पुलिस की प्रभावी पैरवी और ठोस साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अवैध तमंचा और कारतूस के साथ पकड़े गए अभियुक्त रिषभ को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। मामला 8 दिसंबर 2025 का है। मूसानगर थाना क्षेत्र के लोहाई मोहल्ला निवासी रिषभ को भोगनीपुर पुलिस ने अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में थाना भोगनीपुर में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मात्र 21 दिनों के भीतर ही पुलिस ने अदालत में चार्जशीट फाइल कर दी। एसीएजेएम की कोर्ट ने गुरुवार को आरोपी को रिषभ द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर दोष सिद्ध करार दिया। इसके बाद जेल में बिताई गई अवधि की सजा और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि अर्थदंड का भुगतान नहीं किया जाता है, तो एक सप्ताह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

### निकाह का झांसा देकर 5 साल तक किया दुष्कर्म

**रसूलाबाद।** युवती ने युवक पर निकाह का झांसा देकर करीब पांच वर्षों तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। इसके बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कस्बा रसूलाबाद के एक वार्ड निवासी युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाते हुए बताया कि तुलसी नगर रसूलाबाद निवासी सिराज खान उर्फ मिथुन ने उसके साथ निकाह का झांसा देते हुए करीब 5 वर्षों तक अवैध संबंध बनाए। 17 मार्च 2026 की रात करीब 12 बजे आरोपी मिथुन खान पीड़िता के घर में जबरन घुस गया और दुष्कर्म करने लगा। इस बीच पीड़िता के भाई एवं भाभी द्वारा देख लेने पर आरोपी मौके से भाग गया और निकाह करने से इंकार कर दिया।

## नारी शक्ति को किया जागरूक



मिशन शक्ति फेज-5 के दूसरे चरण में महिला आरक्षियों ने देवी मंदिरों के पास महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने का अभियान चलाया। महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण, कानूनी अधिकारों तथा अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। महिला हेल्पलाइन 1090, महिला शक्ति लाइन 1098, इमरजेंसी हेल्पलाइन 1076 और पुलिस कंट्रोल रूम के नंबरों की जानकारी दी गई। इसके साथ यूपीकॉप एप के माध्यम से पुलिस सेवाओं का त्वरित लाभ उठाने तथा सोशल मीडिया पर व्याप्त साइबर अपराधों से बचाव के व्यावहारिक जानकारी दी गई। • अमृत विचार

# शिकायत के बाद अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के सिठऊपुरवा गांव में सरकारी जमीन पर टीन शेड डालकर अवैध कब्जा कर लिए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने क्षेत्रीय लेखपाल से की। इस पर लेखपाल ने एसडीएम को इससे अवगत कराया। तब एसडीएम के निर्देश पर मौके पर गई राजस्व विभाग व पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। एसडीएम की इस त्वरित कार्रवाई से अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया है।

उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि सिठऊपुरवा गांव निवासी नवाब सिंह पुत्र विक्रम सिंह ने गाटा संख्या 206 की भूमि पर रात में टीन शेड रखकर अवैध कब्जा कर लिया था। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय लेखपाल योगेश सिंह से की थी। तब लेखपाल ने उन्हें इस संबंध में अवगत कराया। इस पर उन्होंने नायब तहसीलदार हरिशंकर वर्मा के नेतृत्व में राजस्व एवं कहिंजरी चौकी पुलिस की एक संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जांच के लिए भेजा। मौके पर पहुंची टीम ने पूरे मामले की जांच पड़ताल की और राजस्व अभिलेखों का मिलान किया।

जांच में अवैध कब्जा पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल त्वरित कार्रवाई करते हुए जेसीबी से कब्जा हटाने की प्रक्रिया शुरू की। इस मौके पर पुलिस बल की मौजूदगी से शांति व्यवस्था बनी रही और जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया गया। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि सरकारी या किसी अन्य की भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी यदि कहीं भी अवैध कब्जे की शिकायत मिलती है तो प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।



अतिक्रमण के लिए रखे गए टीनशेड को गिराती जेसीबी। अमृत विचार

# नाले में गिरी बेकाबू बाइक, महिला की गई जान, पति और बच्चे घायल

## हरदिया नाला गांव के पास हुआ हादसा, बकस पुरवा गांव आया था परिवार

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** शिवली मवैया मार्ग पर हरदियानाला गांव के पास मोड़ पर बुधवार को देर रात तेज रफ्तार बाइक गहरे नाले में जा गिरी। हादसे में महिला की मौत हो गई। मासूम बेटी गंभीर है जबकि पति व पुत्र को मामूली चोट आई है। महिला की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस सभी को शिवली अस्पताल लेकर पहुंची जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल बच्ची को उपचार के लिए हैलट अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने घटना की सूचना दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



पूजा पाल।

शिवली के बकसपुरवा गांव निवासी राम लखन पाल के यहां रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया था। बुधवार को रामलखन पाल के भाई शिव कुमार पाल की पुत्री पूजा पाल अपने पति विपिन पाल एवं पुत्री श्रष्टि एवं पुत्र शिवा पाल के साथ बाइक द्वारा अपने चाचा के घर आई थी। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बुधवार की देर रात वह अपने पति एवं बच्चों के साथ बाइक द्वारा वापस अपनी ससुराल बरगदिया पुरवा थाना शिवराजपुर कानपुर नगर जा रही थी। बाइक उसका पति विपिन पाल चला रहा था। वह लोग शिवली मवैया मार्ग पर हरदियानाला गांव के पास स्थित मोड़ पर पहुंचे थे कि तभी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गहरे नाले में गिर जा गिरी जिससे बाइक सवार चारो लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को उपचार के लिए शिवली सीएचसी अस्पताल लेकर पहुंची। वहां मौजूद डॉक्टर ने 27 वर्षीय पूजा पाल को मृत घोषित कर दिया जब कि उसकी 6 वर्षीय पुत्री सृष्टि को गम्भीर हालत में हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

पति विपिन पाल एवं पुत्र शिवा पाल का प्राथमिक उपचार करने के बाद घर भेज दिया। पूजा पाल की मौत की खबर लगते ही परिजनों व रिश्तेदारों के बीच मातम छा गया कुछ ही देर में काफी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए।मृतका के पिता शिवकुमार पाल मां राजू देवी भाई रामनरेश एवं बहन आरती पाल का रो रो कर बुरा हाल था। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



घटना के बाद गुमसुम बैठी महिलाएं। अमृत विचार

# घर और गांव छोड़ा तो कार्य स्थल पहुंचकर दबंगई कर रहा पति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

• शराबी पति से परेशान विवाहिता ने दर्ज कराई एफआईआर

**12** साल पहले हुई थी शादी जेवर, नकदी भी छीन लिया

**अमृत विचारः** शादी के बारह बरस बाद भी व्यवहार में परिवर्तन नहीं आने पर विवाहिता ने पति के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा कायम करा दिया। विवाहिता का आरोप है कि कई बार समझाने-बुझाने के बाद भी उसके पति की हरकतों में सुधार नहीं आया। अपने दोस्तों संग पति उसका उत्पीड़न करता रहा। मारपीट की। इसके बाद जान से मार देने की धमकी दी। केस दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव अमिलिया चांदी निवासिनी आरती देवी ने बताया कि जगदीश कुमार से करीब 12 वर्ष पूर्व उसका विवाह हुआ था। जगदीश शराब का आदी है और निरंतर मारपीट करता है। पहले दिल्ली के थाना साकेत क्षेत्र में वह रहती थी। वहां भी मारपीट की। इसकी शिकायत की गई थी। आरोप है कि जगदीश ने आरती के कीमती जेवर और 85 हजार रुपये की नकदी भी हड़प ली। वहां से चली आई और अकबरपुर में किराए के मकान में रहने लगी। आरती के अनुसार इस साल तीन फरवरी को जगदीश उसे बहला फसलाकर मारपीट न करने वादा करके अपने साथ गांव ले गया। उम्मीद थी कि उसके व्यवहार में बदलाव आएगा मगर ऐसा नहीं हुआ। उसकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया और फिर आरती के साथ मारपीट की। इस पर 26 फरवरी को थाना अकबरपुर में प्रार्थना पत्र दिया था। समुचित कार्रवाई नहीं होने से उसका हौसला बढ़ गया।

चार मार्च को शाम लगभग चार बजे, आरती घर के पीछे खेत पर काम कर रही थी। आरोप है कि तभी जगदीश और उसके सहयोगी लल्ला पुत्र अमर सिंह, शिवम पुत्र अमर सिंह, रामू पुत्र भोला सिंह एवं आजाद पुत्र राम जी एकराय होकर हाथों में लाठी-डंडों से लैस होकर आए। उस पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट के दौरान उन्होंने धमकी दी कि यदि कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे। अब गांव में नहीं रहने देंगे। इसके बाद प्रार्थिनी ने गांव छोड़ दिया।

वर्तमान में वह सैथा के एक शिक्षण संस्थान में काम कर अपना जीवन यापन कर रही है, लेकिन जगदीश वहां के स्टाफ को फोन कर अभद्र टिप्पणी कर रहा है। उसे नौकरी से निकलवाने की धमकी दे रहे हैं। आरती ने आशंका जताई कि जल्द कार्रवाई नहीं किए जाने पर उसके साथ कोई अनहोनी घटना हो सकती है। प्रकरण को लेकर एसपी के आदेश पर कोतवाली में मुकदमा कायम किया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच की जा रही है। उचित कार्रवाई होगी।

# सच्चे मित्र बुरे वक्त में अपने मित्र का साथ नहीं छोड़ते

**रसूलाबादः** सच्ची मित्रता में बुरे वक्त में भी अपने मित्र का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। मित्र के कष्ट के पश्चात अपने कष्ट पर ध्यान देना चाहिए। श्रीमद् भागवत में कृष्ण सुदामा मैत्री के प्रसंग से भागवत रचयिता ने समाज को यही संदेश दिया है।

यह बात आजाद नगर स्थित देवी मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस पर कथावाचक सुधीर कुमार पांडेय ने कहीं। उसके साथ ही उन्होंने बताया कि दरिद्रता दूर करने के लिए सभी लोगों को चाहिए कि वे अपने परिवार के साथ कुछ समय के लिए भगवान का पूजन भजन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि घर की विपन्नावस्था देखकर सुदामा की पत्नी सुशीला ने बचपन के मित्र द्वारकाधीश से मिलने का आग्रह अपने पति से किया और उन्हें भेंट के लिए पोटली में कुछ चावल पड़ोसी से मांग कर दिए। सुदामा के द्वारिका पहुंचने और वहां के वैभव को देखने के पश्चात वे चकाचौंध हो गये। बड़ा साहस कर उन्होंने द्वारपाल से अपनी कृष्ण की मित्रता की बात कह कर उनसे मिलने का आग्रह किया। द्वारपालों से सुदामा की दशा का वर्णन सुनकर भगवान नंगे पांव अपने मित्र के लिए दौड़े चले आए और उनका अद्भुत स्वागत किया। चावल की पोटली छुपाने पर उन्होंने उनसे कहा कि वे बचपन की आदत अभी भी नहीं भूले हैं। वास्तव में सुदामा ने गुरु माता के द्वारा दिए गए अभिशापित चने स्वयं खाकर अखिल भुवनपति अपने मित्र को बचाकर स्वयं दरिद्रता ओढ़ ली लेकिन अपने मित्र श्री कृष्ण और अखिल ब्रह्मांड को बचा लिया। बाद में श्री कृष्णा ने अपने मित्र को सांसारिक वैभव एवं पारलौकिक सुख से समृद्ध कर दिया। इस अवसर पर पारस त्रिपाठी, सुमन दुबे, सीता दुबे, टिंकू कुशवाहा, हर्षित शुक्ला ,मुरारी लाल कुशवाहा, प्रमोद मिश्रा, तुलाराम पांडे, रामप्रताप सिंह आदि अनेक श्रद्धालु श्रोता मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स हॉस्टल में ट्रेनिंग के लिए किया जाएगा स्पोर्ट ट्रेनरों का चयन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

• जिला खेल कार्यालय में आठ अप्रैल तक कर सकते आवेदन

**अमृत विचारः** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी नीलम सिद्दीकी ने बताया कि 15 खेलों के लिए 35 छात्रावासों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षकों का चयन किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए खेल प्रशिक्षक आवेदन कर सकते हैं।

बताय गया कि हॉकी, तैराकी, बॉलीबॉल, जिम्स्टिक, एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिन्टन, टेबिल टेनिस, बास्केटबॉल, कबड्डी, कुश्ती, बॉक्सिंग, हैण्डबॉल और जूडो के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में खेल विभाग के अंतर्गत विभिन्न जनपदों में ट्रेनरों का चयन किया जाएगा। आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रशिक्षण देने हेतु अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी-प्रशिक्षक की तैनाती की जानी है। इसके क्रम में जनपद के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सूचित किया गया है। कहा गया कि यदि वह प्रशिक्षण देने हेतु इच्छुक है तथा उन्होंने अंतराष्ट्रीय खेलों जैसे ओलम्पिक गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स एंव वर्ल्ड कप/वर्ल्ड चैम्पियनशिप में आयोजित होने वाली में प्रतिभाग किया हो आवेदन कर सकते हैं।यह भी बताया गया कि प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को वरीयता दी जाएगी। पद्मश्री, खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, ध्यान चन्द्र पुरस्कार, से सम्मानित खिलाड़ी भी पात्र होंगे। इसके साथ ही ऐसे ट्रेनर जिन्होंने ओलंपिक गेम्स, विश्व कप या एशियन गेम्स, कामनवेल्थ गेम्स में प्रतिभाग भारतीय टीम को प्रशिक्षण दिया हो, को योग्य मानते हुए प्रशिक्षण हेतु आवद्ध किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी व प्रशिक्षकों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी या प्रशिक्षक जिला खेल कार्यालय कानपुर देहात में निर्धारित प्रोर्फामा प्राप्त कर तीन प्रतियों में आवेदन पत्र आठ अप्रैल तक जमा कर सकते हैं।

### धर्मगढ़ बाबा मंदिर में आज होगा कार्यक्रम

**रसूलाबाद।** श्री रामनवमी के अवसर पर धर्मगढ़ बाबा मंदिर पर भजन कीर्तन के साथ जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शुक्रवार को श्री रामनवमी के पावन अवसर पर श्री धर्मगढ़ बाबा मंदिर परिसर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का भव्य जन्मोत्सव संगीत व कीर्तन के साथ मनाया जाएगा। जन्म मुहूर्त के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह जानकारी श्री धर्मगढ़ बाबा सत्संग मंडल के मीडिया प्रभारी संजय मिश्रा ने देते हुए क्षेत्र एवं नगरी वासी सभी राम भक्तों को समय से उपस्थित होने का निवेदन किया।

### आर्म्स एक्ट के मामले में दोषी को सजा

**कानपुर देहात।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान को एक और सफलता मिली। पुलिस की प्रभावी पैरवी और ठोस साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अवैध तमंचा और कारतूस के साथ पकड़े गए अभियुक्त रिषभ को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। मामला 8 दिसंबर 2025 का है। मूसानगर थाना क्षेत्र के लोहाई मोहल्ला निवासी रिषभ को भोगनीपुर पुलिस ने अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में थाना भोगनीपुर में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मात्र 21 दिनों के भीतर ही पुलिस ने अदालत में चार्जशीट फाइल कर दी। एसीएजेएम की कोर्ट ने गुरुवार को आरोपी को रिषभ द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर दोष सिद्ध करार दिया। इसके बाद जेल में बिताई गई अवधि की सजा और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि अर्थदंड का भुगतान नहीं किया जाता है।

### बकाया जमा कराने को लगा विशेष शिविर

**कानपुर देहात।** राजस्व वृद्धि हेतु उप संभागीय परिवहन विभाग कार्यालय में बकाया कर जमा के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 10 वर्ष तक की आयु के वाहनों से बकाया वसूली हेतु सारथी भवन में शिविर लगा। बस, ट्रक,टेंपो और टैक्सी ऑपरेटर एवं वाहन स्वामियों के साथ सामूहिक प्रयास से 16वाहनों से कुल 314700 का बकाया कर जमा कराया गया। इसके अलावा, वाहन 4 .0 पोर्टल पर बकाया वाहनों के कर के आगणन में आ रही कठिनाइयों और शंकाओं को वाहन स्वामियों एवं ट्रांसपोर्ट यूनियन द्वारा अवगत कराया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) द्वारा वाहन स्वामियों एवं ट्रान्सपोर्ट ऑपरेटर की शंका का समाधान किया गया और अन्य समस्या का मुख्यालय स्तर से शीघ्र निस्तारण हेतु आश्वासन दिया गया। विशेष कैंप में प्रशांत तिवारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी(प्रशासन), सोमलता यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) आदि रहे।

### 6 अप्रैल को अकबरपुर में लगेगा नेत्र जांच शिविर

**कानपुर देहात।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फॉर इक्विटेबल वॉलंटरी एक्टिविटी (सेवा) अगले माह छह अप्रैल को अकबरपुर में नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन करेगी। लोकतंत्र सेनानी चौराहा के निकट आयोजित होने वाले शिविर के बारे में संस्था की संस्थापिका कंचन मिश्रा ने बताया कि शिविर में निशुल्क परीक्षण, ऑपरेशन और दवा का वितरण किया जाएगा।

**नवरात्रि** | अष्टमी को श्रद्धालुओं ने कराया कन्याभोज, भेंट की दक्षिणा

# मुंह में सांग धारण कर जवारा विसर्जन करने पहुंचे भक्त

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्रि समाप्ति होने के साथ ही अनेक घरों में गुरुवार को नवमी होने के कारण भक्तों ने कन्या भोज कराया। कन्याओं को दान दक्षिणा भेंट की गई। अनेक घरों में भक्तों द्वारा हवन पूजन का भी आयोजन किया गया। दूसरी तरफ, जगह-जगह जवारा यात्राओं का भी आयोजन हुआ।

चैत्र नवरात्रि समाप्त होते ही भक्तों ने अपने-अपने घरों में कन्याओं को प्रेमपूर्वक भोजन कराया और उनको दान दक्षिणा भेंट की। वहीं लोगों ने परिवार की सुख शांति के लिए घरों में हवन पूजन किया। गुरुवार को दोपहर के बाद नवमी होने के कारण लोगों ने नवमी का हवन गुरुवार को ही किया। हवन के उपरांत मां की आरती हुई। इसमें लोगों ने मां के जयकारे लगाकर उनसे सुख शांति समृद्धि की कामना की। उधर, क्षेत्र के कस्बा कहिंजरी में विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी भक्तों द्वारा विशाल जवारा यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल भक्तों ने मुंह में सांग धारण कर महामाई के दरबार में हाजिरी लगाई और मन्नतें मांगी।

कस्बा कहिंजरी में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व की अष्टमी पर भक्तों द्वारा जंवारे यात्रा निकाली गई। भक्त ढोल व बाजे के साथ कस्बे की विभिन्न गलियों से नाचते गाते अपने अपने घरों में बोए जंवारे पालकी में रखकर मंदिर प्रांगण पहुंचे। जहां नव युवकों, बच्चों एवं बालिकाओं ने मुंह में सांग धारण कर महामाई के दरबार हाजिरी लगाई और जंवारे विसर्जित किए। जवारे विसर्जन में प्रथम अखाड़ा मकरंदपुर कहिंजरी, द्वितीय बड़ागांव कपराहट, भीखदेव कहिंजरी, सौंझ आदि जगह के जंवारे विसर्जित किए गए। जवारे के पश्चात रात्र में रात्रि के कालीन रासलीला का मंचन मथुरा से आए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया गया। इसे देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ मौजूद रही।

**शिवली** संवाददाता के अनुसार नवरात्रि की अष्टमी के दिन रास्तपुर गांव के ज्वाला देवी मंदिर मे ज्वारा यात्रा निकाली गई। साथ भक्तों ने मुंह व जीभ में बाना लगवाए। साथ ही माता की पालकी भी निकाली। यहां पर अंकित तिवारी, गोविंद, प्रवीश, अंश, दिव्यांश, टन्नी, गोलू, छोटू, राधे रहे।





बाना लगवाकर शोभा यात्रा निकालते भक्त। चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर विधि-विधान के साथ हवन-पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### राजपुर में निकली शोभा यात्रा

**राजपुर।** नवरात्रि के आखरी दिन भक्तों ने भगवान श्रीराम लक्ष्मण हनुमान जी को मां दुर्गा और शीतला माता की भव्य शोभायात्रा निकाली। मुगल मार्ग से लेकर कस्बा की गलियों से शोभा यात्रा निकाली गई। चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर भक्तों नें पहले दिन शीतला माता मंदिर में भव्य सजावट की। क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने श्रद्धा के भाव से घरों में जवारे उगाकर नवमीं को माता की आराधना करते है। भक्त रात्रि को देवी जी के भजन कीर्तन व रंगीन रोशनी से पूरी रात्रि जगमगाती रही। गुरुवार को आखिरी दिन रामनवमी पर कस्बा के सत्संग चौक से भक्तों नें भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा सत्संग चौक से लेकर कस्बे में निकालकर भक्तिगीतों में भक्तजन थिरकते रहे। शाम तक जवारों के विसर्जन का कार्यक्रम चलता रहा। शोभा यात्रा में चेयरमैन अंशू त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा, अवध विश्नोई, विश्नोई, चुन्नी विश्नोई, रजत विश्नोई मौजूद रहे।

### झींझक में रही कार्यक्रमों की धूम

**झींझक।** कस्बे के प्रमुख मंदिरों पर अष्टमी और नवमी एक ही दिन पड़ जाने से हर जगह मां दुर्गा के प्रसाद वितरण भंडारे चलाए गए। मां दुर्गा का मुख्य प्रसाद खीर पूरी हलुवा पूरी तो कहीं-कहीं सादगी भरी सब्जी का प्रसाद बंटा। अक्षय भट्ट आश्रम पर मां दुर्गा का भंडारा चला। द्वारिकागंज में मां दुर्गा सेवा समिति के तत्वावधान में 9 दिन मां दुर्गा का भव्य कार्यक्रम चलने के बाद मां दुर्गा का विशाल भंडारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम चलाया गया। मां दुर्गा के कार्यक्रम में द्वारिका गंज, शंकरगंज, पेट्रोल पंप साइड एवं झींझक के सभी वार्डों के लोगों का निरंतर सहयोग मिला।

सुविचार



जय उसी की होती है जो अपने को संकट में डालकर कार्य संपन्न करते हैं। जय कायरों की कभी नहीं होती।

-जवाहरलाल नेहरू


www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर महानगर

कानपुर, शुक्रवार, 27 मार्च 2026



कानपुर के प्रमुख समाचार

- शादी के बाद प्रेमी को बनाया हमसफर, अब चुन ली मौत-II
- 3500 रुपये में बिक रहा कॉमर्शियल सिलेंडर-III
- जवारा संग दिखी आस्था की लहर-IV



रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

Something Pawsome is

YOUR ONE-STOP SOLUTION FOR ALL PET NEEDS! AT GURU PET'S MARY

A. SATGURU PET'S MART

PR-26, Awas Vikas Sector-2, Kalyanpur, Kanpur, Contact: 9119969696

Pedigree DOG SALE PURCHASE drools ROSSARI PCG NUTRI JerHigh SUPERCOAT



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999


## नवम सिद्धिदात्री



मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र...

**माँ सिद्धिदात्री: ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः**

# 32 करोड़ से फोरलेन होगा मैनावती मार्ग

## चौड़ीकरण के लिए शासन की ओर से जारी की गई पहली किस्त, अगले महीने से शुरू होगा काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**06** किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी | **14** मीटर चौड़ा किया जाएगा मार्ग

**अमृत विचार।** बदहाल और उबड़-खबड़ मैनावती मार्ग पर अब गुजरना काफी आसान होगा। वाहन सवार लोगों को हिचकोले नहीं खाने पड़ेंगे और न ही पड़ी गिट्टी में फंसकर गिरने से चुटहिल होना पड़ेगा। इसके अलावा बरसात के मौसम में जलभराव का भी सामना नहीं करना पड़ेगा। अप्रैल माह से मैनावती मार्ग को फोरलेन बनाने का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए शासन ने पहली किस्त जारी कर दी है। फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य अब केडीए कराएगा।

सीवर लाइन डालने की वजह से मैनावती मार्ग को सिंहपुर चौराहे तक खोदकर काफी बदहाल कर दिया गया है। जगह-जगह बड़े से लेकर छोटे गड्ढे हो गए थे और जलभराव भी होने लगा था। क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर यहां पर गिट्टी डाल दी थी, जिसकी वजह से वाहन सवार लोगों को आवागमन में और भी दिक्कतों से गुजरना पड़ रहा है। खासकर बाइक व स्कूटी सवार लोगों को अधिक परेशानी होती है।



मौजूदा समय में मैनावती मार्ग की हालत बदहाल है। अमृत विचार

लोक निर्माण विभाग की इस सड़क को फोरलेन का जिम्मा कानपुर विकास प्राधिकरण ने ले लिया है। लोक निर्माण विभाग ने केडीए को अनुमति प्रमाण पत्र भी दे दिया है। अब केडीए इस छह किलोमीटर तक की सड़क को 14 मीटर चौड़ी 32 करोड़ रुपये से करेगा। शासन ने मैनावती मार्ग से सिंहपुर तक छह किलोमीटर तक सड़क के निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 10.35 करोड़ रुपये जारी कर दिए है।

- फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य विकास प्राधिकरण कराएगा
- 18 महीने में पूरा होगा काम दोनों तरफ ड्रेनेज व्यवस्था

टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़क निर्माण के लिए आरआर इंटरप्राइजेज कंपनी को फाइनल किया जाएगा। अप्रैल महीने से इस सड़क पर कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, जो 18 माह तक पूरा करना होगा। साथ ही जल निकासी के लिए सड़क के दोनों तरफ ड्रेनेज सिस्टम का भी निर्माण किया जाएगा। ताकि जलभराव के कारण सड़क बार-बार खराब न हो सके।

### न्यू कानपुर सिटी तक पहुंचना होगा आसान

केडीए मैनावती मार्ग से सिंहपुर और सिंहपुर से कल्याणपुर के बीच में न्यू कानपुर सिटी योजना ला रहा है। यह योजना 151.31 हेक्टेयर में विकसित की जाएगी। केडीए न्यू कानपुर सिटी के लिए 80 फीसदी भूमि को अपने पक्ष में कर चुका है और निर्माण संबंधित जरूरी प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, जिनमे से कुछ कार्य लगभग पूरे भी होने वाले है। ऐसे में योजना के तहत विकसित किए जा रहे प्लाटों में रहने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी न हो सके, इसलिए केडीए मैनावती मार्ग को फोरलेन करेगा। इस मार्ग के फोरलेन होने से न सिर्फ न्यू कानपुर सिटी में आवागमन बेहतर होगा, बल्कि कल्याणपुर, बिठूर व सिंहपुर आदि क्षेत्रों में पहुंचने में भी दिक्कत नहीं होगी।

# गर्मी शुरू होने से पहले 150 ट्रांसफॉर्मर लगाएगा केस्को

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मई और जून माह की भीषण गर्मी में बिजली की समस्या से निपटने के लिए कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी ने तैयारी कर ली है। आरडीएसएस योजना के तहत अप्रैल तक 150 वितरण ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे, जिससे ट्रांसफार्मरों पर लोड कम होगा और फॉल्ट व बार-बार तकनीकी खराबी आने की समस्या नहीं होगी।

शहर में वर्तमान साढ़े सात लाख उपभोक्ता हैं, जिनमें से करीब डेढ़ लाख उपभोक्ता स्मार्ट मीटर धारक है। पिछली गलतियों से सबक लेते हुए केस्को ने इस वर्ष मई और जून माह में बिजली उपकरणों के फुंकने और खराबी को दूर करने के लिए अप्रैल माह तक आरडीएसएस की आधुनिकीकरण योजना के तहत 150 वितरण ट्रांसफार्मर लगाने की योजना तैयार की है। यह वितरण ट्रांसफार्मर उन क्षेत्रों में लगाए जाएंगे, जहां पर वितरण ट्रांसफार्मरों पर क्षमता से अधिक लोड होगा। जहां पर बार-बार फॉल्ट, तकनीकी समस्या, ऑयल का रिसीव होने व आदि समस्या आती है। केस्को के अधिकारियों ने ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर लिया है और कुछ जगहों पर ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य भी शुरू हो गया है। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक अप्रैल तक 150 वितरण ट्रांसफार्मर लगाए जाने है। अगर किसी भी वजह से चिन्हित क्षेत्रों में वितरण ट्रांसफार्मर नहीं लगता है तो संबंधित क्षेत्र के अभियंता से स्पष्टीकरण लिया जाएगा। केस्को ने पहले से ही गर्मी से निपटने की तैयारी कर ली है, ताकि उपभोक्ताओं को गर्मी में परेशानी हो सके। वहीं, केस्को ने बिजनेस प्लान के तहत चार पॉवर ट्रांसफार्मर भी स्थापित कराए हैं।

- आरडीएसएस योजना के तहत लगाए जाएंगे नए ट्रांसफार्मर

## चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं




27 मार्च शुक्रवार को श्री राम नवमी पर पुनर्वसु नक्षत्र, सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो इसे आध्यात्मिक और ज्योतिषीय रूप से अत्यंत फलदायी बनाता है। इस दिन उदया तिथि में नवमी तिथि होने के कारण शास्त्रसम्मत पूजा, भगवान श्रीराम का दोपहर में जन्मोत्सव, और अयोध्या में रामलला का सूर्य तिलक विशेष आकर्षण रहेंगे।

**राम नवमी के प्रमुख संयोग और महत्व:** पुनर्वसु नक्षत्र और शुभ योगः 27 मार्च को सुबह से शाम 03 बजकर 24 मिनट तक पुनर्वसु नक्षत्र रहेगा, साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग (सुबह 06:03 बजे से दोपहर 03:24 तक) और रवि योग (सुबह 06:03 से पूरे दिन रहेगा) का शुभ संयोग है।

**शास्त्रसम्मत तिथि:** हालांकि नवमी तिथि 26 मार्च को सुबह 11 बजकर 48 मिनट से शुरू होकर 27 मार्च की सुबह 10:06 बजे समाप्त हो जाएगी, लेकिन वैष्णव परंपरा और उदया तिथि के अनुसार, 27 मार्च को श्रीराम नवमी मनाना अधिक उपयुक्त और शास्त्रसम्मत रहेगा।



**पूजा का शुभ समय:** 27 मार्च को सुबह जल्दी स्नान-ध्यान के बाद पीले वस्त्र धारण करें। दोपहर के समय (लगभग 12 बजे) भगवान राम का जन्म उत्सव मनाएं, पूजा करें और भजनों का कीर्तन करें।

### पूजा विधि

शुद्धिकरण:सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनें और व्रत का संकल्प लें।

स्थापनाः पूजा स्थान पर श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें।

अभिषेक:राम लला को गंगाजल और पंचामृत से स्नान कराएं।

श्रृंगारः भगवान को पीले वस्त्र, फूल, चंदन, अक्षत और तुलसी दल अर्पित करें।

नैवेद्यः फल, खीर, पंजीरी और पंचामृत का भोग लगाएं।

पाठ और जापः श्रीरामचरितमानस का पाठ करें या "ॐ श्री रामाय नमः" मंत्र का जाप करें।

आरतीः मध्याह्न समय में घी के दीपक से आरती करें।

-ज्योतिषाचार्य पं.मनोज कुमार द्विवेदी


रामनवमी की शुभकामनाएं

An ISO 9001 : 2008 राही मेडिकल सेन्टर प्रा० लि०

Dr. M.S. RANA (Director)

Facilities- C.G.H.S, E.C.H.S, C.A.P.F., P.M.J.A.Y.(Ayushman Bharat)

सेन्टर में उपलब्ध विभाग



श्री राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

ALLBRIGHT GLOBAL SCHOOL

Affiliated to ICSE/ISC

Classes - PG to XII | Admission Open 2026-27

FACILITIES • Launching AI & ROBOTICS • Interactive Classrooms • Smart Digital Classrooms • Experienced Teachers • Language labs • Well-equipped Labs (PCB) • Transport Available

FEE STARTS 1100/- ONLY

100% Board Results

SHIV RAM SINGH Manager | DIVYA MISHRA Principal

ANAND SOUTH CITY, JARAULI PHASE-2, KANPUR.

Mob.: 8528808909, 7905362797



रामनवमी की शुभकामनाएं

Rama Devi Medical Centre Pvt. Ltd.

RAMA DEVI, G.T. ROAD, KANPUR

Email: ramadevi@rediffmail.com

हमारे यहाँ निम्न सुविधाएं उपलब्ध हैं

विशाल निःशुल्क मोतियाबिन्द, ऑपरेशन शिविर

C.G.H.S. E.C.H.S. E.S.I.C. T.P.A. C.A.P.F. AYUSHMAN

PANDIT DEENDAYAL UPADHYAY

Mob.: 9140718743, 7080902028



रामनवमी की शुभकामनाएं

Chandrabhal Hospital

Multi Speciality Hospital

आयुष्मान भारत PMJAY एवं दीनदयाल उपाध्याय कैशलेश योजना द्वारा अनुबंधित

24 घंटे सुविधा उपलब्ध

डा. राजेश बाजपेयी (MBBS, D.Ortho, Mch.)

हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण विशेषज्ञ

ICU, NICU, EMERGENCY, MEDICAL STORE

Y-1280, Kidwai Nagar, Near R.B.I. Colony, Kanpur Mob.: 7571810604



नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

द पनेशिया

ए मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड सेंटर फॉर न्यूरोसाईसेंस

Come Home to Wellness...

स्ट्रोक होने पर, तुरन्त इलाज न मिलने से मस्तिष्क का नुकसान होता है

हर 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में स्ट्रोक का सामना करता है।

117/473, एल-ब्लॉक, काकादेव (नीरछीर चौराहा और डबल पुलिया के मध्य) कानपुर

सम्पर्क करे: 7897997634, 9889556689, 7897997361



सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए आज ही मिलें...

डॉ. शुक्ला गुप्त रोग क्लीनिक

9889975347

समय - 09:00 बजे से रात 08:00 बजे, रविवार 09:00 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक

केशव नगर, निकट शिवाजी इंटर कॉलेज, गेट नं०-2 के सामने, कानपुर



रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

KIRLOSKAR ELECTRICAL CO. LTD.

AUTHORISED SERVICE PROVIDER SALES AND SERVICE (12.5 KVA)

RAMAN ELECTRICALS

ramanelectricals@rediffmail.com

124/120 सी-ब्लाक, गोविन्द नगर, कानपुर

9415733368, 9628168108, 9452358672, 8808333368



रामनवमी की शुभकामनाएं

MANORAMA EDUCATION CENTRE

125/K/62, GOVIND NAGAR, KANPUR

Air Conditioned Classrooms | CCTV Security | Tech - Friendly School

ADMISSIONS OPEN 2026-27

www.manoramaeducationcenter.com

Every child is a STAR, guiding them towards STARDOM

SMART CLASSES, PUBLIC SPEAKING, MUSIC, DANCE, YOGA & TABLE TENNIS, HIGHLY QUALIFIED AND DEDICATED STAFF, PERSONALITY DEVELOPMENT CLASSES, ABACUS CLASSES

Mob.: 9569460435

## सिटी ब्रीफ



बरामद हुक्का के साथ कर्मचारी।

### हुक्का बार में छापा कर्मचारी गिरफ्तार

**कानपुर।** गोविंदनगर में रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहा अवैध हुक्का बार पर पुलिस ने बुधवार शाम छापा मारा और कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। मौके से हुक्का व तंबाकू बरामद हुई। मालिक भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने उसके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। थाना प्रभारी रिकेश कुमार सिंह के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पंजाब एंड सिंध बैंक वाली गली में पुलिस ने छापा मारा तो वहां हुक्का बार संचालित होते मिला। पुलिस ने मौके से सात हुक्के, सात चिलम, नौ पाइप और तीन डिब्बे तंबाकू बरामद किए। कार्रवाई के दौरान बर्रा-8 के वरुण विहार निवासी कर्मचारी अंकुश उर्फ अज्जू को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि हुक्का बार का मालिक आदित्य है, जिसने रेस्टोरेंट के नाम पर जगह किराए पर ली थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया, जबकि फरार मालिक की तलाश जारी है।

### होटल के बाहर बेंच पर मिला युवक का शव

**कानपुर।** फजलगंज में होटल के बाहर बेंच पर युवक मृत मिला। सूचना पर पुलिस ने उसके पास मिली डायरी के आधार पर शिनाख्त कराई और परिजनों को खबर दी। युवक की मौत कैसे हुई, इसकी वजह स्पष्ट नहीं है। पुलिस जांच कर रही है। मूलरूप से कानपुर देहात के गजनेर निवासी 45 वर्षीय अतुल सबिता फजलगंज में रहकर मेहनत-मजदूरी करता था। अतुल चार भाइयों में बीच का था। तीन भाई राम प्रकाश, प्रेम प्रकाश, शिव प्रकाश गांव में ही रहते हैं। पुलिस के अनुसार युवक के पास मिली डायरी में उसकी बहन सुमन का नंबर था। जिससे परिजनों को खबर दी गई। भतीजे रोहित ने बताया कि किशोर अवस्था में ही अतुल ने घर छोड़ दिया था। तब से वह कानपुर में ही रह रहे थे। अविवाहित होने के कारण अकेले ही रहते थे। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह स्पष्ट होगी।

### कमीशन व उधारी के विवाद में मारपीट

**कानपुर।** बाबूपुरवा के बेगमपुरवा में प्रॉपर्टी के कमीशन व 35 हजार रुपये की उधारी को लेकर विवाद में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों से क्रास रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। एक पक्ष बेगमपुरवा निवासी खुशनुमा ने फरीद व उसके साथियों पर कमीशन मांगने को लेकर मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष से फरीद ने अजीज, कलीम, खुशनुमा व अतीक पर रुपये मांगने पर मारपीट करने, उसके बेटे फैसल को घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### तीन सगे भाइयों समेत पांच लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**कानपुर।** बाबूपुरवा में युवक को रास्ते में रोककर पीटने के मामले में तीन सगे भाइयों समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है। बाबूपुरवा निवासी मो. अकील के अनुसार वह भाई के साथ घर लौट रहे थे, तभी मोहल्ले के शहजादे, बाले, सद्दाम, अफाक व इजाजुद्दीन ने घेरकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर लात-घूंसों से पीट दिया। जिससे दोनों को चोटें आईं हैं। शोर सुनकर लोग जुटे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।

### मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को किया गया जागरूक

**कानपुर।** दक्षिण जोन पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति फेज-5 के तहत गुरुवार को अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही किसी भी घटना पर तुरंत शिकायत करने की सलाह दी। साढ़ क्षेत्र के साकेत कोचिंग, गोविंद नगर व दबौली के दुर्गा मंदिर और जूही क्षेत्र में टीमों ने महिलाओं को 1076, 1090, 181, 112, 108, 1098 व 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस्तेमाल कैसे करना है यह समझाया। टीम ने स्पष्ट किया कि बस व सार्वजनिक स्थानों पर छेड़खानी होने पर डरने के बजाय तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

# शादी के बाद प्रेमी को बनाया हमसफर, अब चुन ली मौत

## कल्याणपुर में प्यार की अजीब दास्तां, प्रेमी के साथ रहते तीसरे युवक से की थी रजिस्टर्ड मैरिज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शादी के बाद ससुराल से चुपचाप भागकर पहुंची थी प्रेमी के पास
- सुबह 9 बजे प्रेमी से फोन पर हुई बात, 11 बजे सुसाइड की खबर

**अमृत विचार।** नौ महीने पहले परिवार ने युवती की धूमधाम से शादी की। वह विदा होकर ससुराल पहुंची, लेकिन ससुरालियों से बचकर प्रेमी के पास पहुंच गई। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रेमी को हमसफर चुना, मगर इसी बीच तीसरी युवक उसकी जिंदगी में आया और रजिस्टर्ड मैरिज कर ली। प्यार के चक्रव्यूह में फंसी युवती इस तरह उलझी कि आखिर गुरुवार को मौत को गले लगा लिया।



लक्ष्मी देवी।

प्यार की यह अजीब दास्तां कल्याणपुर की है। मूलरूप से कानपुर देहात के सिकंदरा कस्बे के विकास नगर निवासी मोहित कटियार ड्राइवर है। मोहित के पिता श्यामलाल, छोटा भाई अक्षत और परिवार के अन्य लोग गांव में ही रहते हैं। मोहित के अनुसार 9 माह से वह पनकी-कल्याणपुर रोड पर स्थित गायत्री मंदिर के पास किराए पर कमरा लेकर रहता है। उसके सिकंदरा क्षेत्र के रानीपुर गांव की 21 वर्षीय लक्ष्मी के साथ प्रेम संबंध थे। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार वाले तैयार नहीं थे।

मोहित ने बताया कि लक्ष्मी के परिवार वालों ने बीते साल जुलाई माह में उसकी शादी कर दी थी। लक्ष्मी विदा होकर ससुराल पहुंची, मगर वह वहां नहीं रुकी। ससुराल वालों की नजर से बचकर वह 5 जुलाई को उसके पास आ गई। शादी के बाद दुल्हन के गायब होने पर हल्ला मचा। पता चलने पर परिजनों के साथ नाते-रिश्तेदार उसके पास पहुंचे।

लक्ष्मी को ले जाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं जाना चाहती थी। उसकी जिद के आगे पुलिस ने लक्ष्मी को प्रेमी मोहित के साथ भेज दिया। तब से दोनों कल्याणपुर में किराए पर कमरा लेकर साथ रह रहे थे।

मोहित ने बताया कि ड्राइवर होने की वजह से वह गाड़ी लेकर अक्सर बाहर ही रहता था। एक सप्ताह पहले लक्ष्मी के पास कमरे गया था। गुरुवार सुबह वह गांव में था। सुबह 9 बजे उसकी लक्ष्मी से फोन पर बात हुई। फिर 11 बजे दोबारा कॉल किया तो फोन नहीं उठा। कई बार कॉल करने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला तो उसने मकान में ही रहने वाली दीदी को फोन किया। उन्होंने जाकर कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई आहट नहीं मिली। उन्होंने खिड़की से झांककर देखा तो लक्ष्मी का शव फंदे पर लटक रहा था। सूचना पर पहुंची कल्याणपुर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव उतारा। वह भी गांव से एक घंटे में ही कल्याणपुर पहुंच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मोहित ने एक युवक के कारण लक्ष्मी के जान देने की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस मोहित पर भी संदेह जता रही है।

### दुकान मालिक से की थी रजिस्टर्ड मैरिज

- प्रेमी मोहित ने बताया कि वह अक्सर गाड़ी लेकर बाहर रहता था, इसलिए लक्ष्मी कल्याणपुर क्रॉसिंग के पास एक फुटवियर की दुकान पर नौकरी करने लगी थी। नौकरी के दौरान वह दुकान मालिक के प्रेमजाल में फंस गई। इसी बीच 25 फरवरी को लक्ष्मी ने दुकान मालिक से रजिस्टर्ड मैरिज कर ली थी। लक्ष्मी ने मोहित को भी यह बात बताई थी, लेकिन सफाई पेश की थी कि उसने दुकान मालिक के दबाव में आकर रजिस्टर्ड मैरिज के कागजात पर हस्ताक्षर किए थे। वह उसके साथ नहीं रहना चाहती थी।

### दूसरी जगह नौकरी करने लगी थी लक्ष्मी

- मोहित ने बताया कि दुकान मालिक से छुटकारा पाने के लिए लक्ष्मी दूसरी जगह काम करने लगी थी। इसके बाद दुकान मालिक उसे परेशान करने लगा था। बचने के लिए 15 दिन पहले उसने कमरा भी बदल दिया था। लक्ष्मी उससे तलाक लेना चाहती थी। मोहित ने बताया कि उसने खुद इस बारे में दुकान मालिक से बात की थी। वह तलाक देने के लिए राजी होने की बात कहता था, लेकिन आते-जाते पीछा करता था। आशंका है कि उसी से परेशान होकर लक्ष्मी ने यह कदम उठाया।

### परिवार वाले बोले, शव लेकर गांव मत आना

मोहित के अनुसार सुबह उसकी लक्ष्मी से फोन पर सामान्य बातचीत हुई थी। दो घंटे बाद आत्महत्या की खबर मिली। उसने लक्ष्मी व अपने परिवार वालों को सूचना दी, लेकिन सभी लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस आने से इंकार कर दिया और यह भी कहा कि शव लेकर गांव मत आना। जैसा किया है, वैसा भुगतो। कानपुर में ही अंतिम संस्कार कर देना।

> मोहित से विवाद के बाद युवती ने यह कदम उठाया है। परिजनों को जानकारी दी गई है। उनके आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मोहित के आरोपों और अन्य बिंदुओं की भी जांच की जा रही है।
>
> -आशुतोष कुमार, एसीपी कल्याणपुर

# ऑटो में वारदात करने वाले हत्थे चढ़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दोनों महिलाओं ने 9 मार्च को 500 मीटर दूरी के बीच महिला के पर्स से पार किए थे 15 लाख के जेवर
- एक आरोपी महिला के खिलाफ पहले दर्ज हैं चार मुकदमें, उसके पति की भी हो रही है तलाश

**अमृत विचार।** ई-ऑटो में सवारी बनकर चोरी की वारदातें करने वाली दो महिलाए व उनका तीसरा साथी बादशाहीनाका पुलिस के हत्थे चढ़ा। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि गिरोह ऑटो में घूम-घूमकर वारदातों को अंजाम देता था। नौ मार्च को शादी समारोह में जा रही महिला को गिरोह ने शिकार बनाया था। महिला के 15 लाख के जेवर पार किए थे।

बादशाहीनाका निवासी रंजना नौ मार्च को शाम चार बजे अपनी दो बेटियों के साथ चकेरी में रहने वाले रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकली थीं। उन्होंने भीखाराम मिष्ठान भंडार के पास से ई-ऑटो पकड़ा। मिष्ठान भंडार से करीब 500 मीटर दूर घंटाघर चौराहा के पास वह ई-ऑटो से उतरी तो अपना पर्स देखा। जिससे सोने की चेन, अंगूठी, नेकलेस, पायल समेत करीब 15 लाख के जेवर गायब थे। इस पर वह हैरान रह गईं, परिजनों को घटना की जानकारी देने के बाद बादशाहीनाका थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



पकड़ी गईं महिलाएं और आरोपी ऑटो चालक। अमृत विचार

एडीसीपी पूर्वी अंजलि विश्वकर्मा ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस टीम बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। करीब 98 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। जिसमें कई संदिग्ध ई-ऑटो कैद हुए। उन्होंने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली कि संदिग्ध ई-ऑटो घंटाघर चौराहा पर चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर सीपीसी माल गोदाम की तरफ ऑटो में सवार दो महिला समेत चालक को धर दबोचा। एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम जूही के परमपुरवा निवासी संजना, राधिका व सारिक बताया। दो अन्य चालकों के नाम भी बताए, जिनकी तलाश की जा रही है। राधिका के खिलाफ चार मुकदमे दर्ज हैं, उसका पति गोपी फरार है। उसकी तलाश है।

### रकम दोगुनी करने के नाम हड़पे रुपये

**कल्याणपुर।** गूबा गार्डन निवासी नीलम के अनुसार 5 फरवरी को एक विदेशी नंबर से फोन आया। निवेश में मोटे मुनाफे का लालच देकर टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया। एक माह के भीतर उनसे आठ बार में नौ लाख 13, 519 रुपये हड़प लिया। लाभ रिफंड करने की बात पर उन्हें ग्रुप से बाहर कर दिया गया। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि साइबर सेल जांच कर रही है।

### पति ने गला दबाने का किया प्रयास

**कानपुर।** चकेरी में एक महिला ने आरोप लगाया है कि बेटी पैदा होने पर पति समेत ससुरालीजन दहेज में रुपयों की मांग करने लगे। पति ने नशे की हालत में पीटा और गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। इसके बाद घर से निकाल दिया। मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई।

बरेली की श्वेता सिंह के अनुसार उनका विवाह 2011 में जाजमऊ के डिफेंस कॉलोनी निवासी पुष्पराज सिंह से हुआ था। विवाह के बाद सब ठीक था। 2012 में उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया। बेटी पैदा होने के बाद आरोपी ताना मारते थे। नवंबर में आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और पति ने गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। आरोप है कि उन्होंने घटना के बाद पुलिस से शिकायत भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। कार्रवाई न होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री से शिकायत की। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# सीएसजेएमयू व रूस की कंपनी में होगा समझौता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में भारत-रूस तकनीकी सहयोग के तहत एक पहल की जा रही है। विश्वविद्यालय द्वारा रूस की कंपनी जियोस्केन रशिया के साथ ड्रोन टेक्नोलॉजी एवं यूएवी फ्लाइट एरीना के क्षेत्र में एक समझौता ज्ञापन पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए जाएंगे।

यूआईईटी परिसर में होने वाले इस एमओयू के तहत विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक, यूएवी डिजाइन, फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम, मैपिंग एवं सर्वेक्षण जैसी उन्नत तकनीकों पर कार्य किया जाएगा। कंपनी के साथ सहयोग से छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकी जानकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त होगा। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि एमआयू के जरिए ड्रोन एवं यूएवी टेक्नोलॉजी में हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग इंडस्ट्री-ओरिएंटेड स्किल्स का विकास होगा। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ वर्कशॉप एवं सेमिनार हो सकेंगे। छात्रों को रिसर्च एवं इनोवेशन के नए अवसर हासिल हो सकेंगे। स्टार्टअप एवं उद्यमिता को बढ़ावा रोजगार एवं प्लेसमेंट के बेहतर अवसर मिलेंगे।

### ये लाभ मिलेंगे

- **ड्रोन लैब:** छात्र- छात्राओं को ड्रोन डिजाइन, प्रोग्रामिंग, फ्लाइट टेस्टिंग एवं रियल-टाइम एप्लिकेशन पर कार्य करने का अवसर मिलेगा। यह लैब एग्रीकल्चर, सर्विलांस, डिजास्टर मैनेजमेंट एवं स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में उपयोगी होगी।
- **साइबर सिक्योरिटी लैब:** छात्र- छात्राओं को एथिकल हैकिंग, नेटवर्क सिक्योरिटी, डेटा प्रोटेक्शन एवं साइबर थ्रेट एनालिसिस जैसी महत्वपूर्ण स्किल्स सिखाई जाएंगी। यह लैब छात्रों को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विशेषज्ञ बनाने में सहायक होगी।
- **आईडिया लैब:** छात्र- छात्राओं को नवाचार एवं स्टार्टअप विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित की गई है। यहां छात्र अपने आइडियाज को प्रोटोटाइप में बदल सकते हैं तथा उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

### सांड़ के हमले से थम गईं मजदूर की सांसें

**कानपुर।** कल्याणपुर में आईआईटी गेट के पास दो दिन पहले सांड़ के हमले में घायल मजदूर की गुरुवार सुबह हैलट में इलाज के दौरान मौत हो गई। मजदूर को बचाने में घायल उसके साथी का हैलट में इलाज चल रहा है। मौत की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया।

बिठूर के डबरपुरवा गांव निवासी 50 वर्षीय कैलाश आईआईटी की विष्णु सरन एंड कंपनी में ठेकेदार नरेंद्र के अंडर में 10 साल से काम कर रहे थे। परिवार में पत्नी संगीता और दो बेटे हिमांशु, दीपांशु व बेटी रेनू है। बेटी शादीशुदा है। परिजनों ने बताया कि मंगलवार शाम करीब पांच बजे वह काम खत्म होने पर साइकिल से जा रहे थे, तभी सांड़ ने उन पर हमला कर दिया था। सींग से उठाकर पटका था। जिससे कैलाश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। चीख सुनकर कैलाश के साथी लाखन बचाने दौड़े तो सांड़ ने उन्हें भी पटककर घायल कर दिया था। यह देखकर गार्ड ने लाठी-डंडे लेकर दौड़ाया तब सांड़ भागा था। कैलाश व लाखन को तत्काल हैलट में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार सुबह इलाज के दौरान कैलाश की मौत हो गई। वहीं, लाखन का अभी भी इलाज चल रहा है।

# वियतनाम भेजने के नाम पर फर्जी टिकट थमा 1.80 लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काकादेव का मामला, पीड़ित परिवार तीन दिन दिल्ली में फंसा रहा
- पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाने के बाद दर्ज की गई एफआईआर

**अमृत विचार।** काकादेव के एक परिवार को वियतनाम भेजने के नाम पर ट्रैवल एजेंट ने फर्जी एयर टिकट थमाकर 1.80 लाख रुपये हड़प लिया। प्लेन पकड़ने के लिए परिवार दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा तो सन्न रह गया। दिल्ली से वापस लौटने पर जब पीड़ित ने अपने रुपये मांगे तो गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई, जिसके बाद काकादेव में ट्रैवल्स एजेंट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

काकादेव के कृष्णापुरी निवासी नितेश द्विवेदी ने पत्नी व बच्चे के साथ वियतनाम जाने की योजना बनाई थी। इसके लिए उन्होंने शास्त्रीनगर चौराहा स्थित वेस्ट इंडिया हालिडेज और बाबा ट्रेवल्स के संचालक राहुल द्विवेदी से संपर्क किया। इस पर उसने आने-जाने के तीन टिकट 1.80 लाख रुपये में तय किए। जिसका नितेश ने 19 दिसंबर 2025 को किया गया। बाद में आरोपी ने ई-टिकट उपलब्ध कराए और यात्रा को लेकर आश्वस्त किया। विश्वास के आधार पर पीड़ित परिवार 17 मार्च 2026 को नई दिल्ली पहुंचा, लेकिन एयरलाइंस से पूछताछ में पता चला कि सभी टिकट पूरी तरह फर्जी हैं और सिस्टम में उनका कोई रिकार्ड नहीं है। इस पर उन्होंने नितेश से शिकायत की तो उसने वीजा प्रक्रिया का बहाना बनाकर टरका दिया। जिससे पीड़ित परिवार तीन दिन तक दिल्ली में फंसा रहा और 20 मार्च को मजबूरी में वापस लौटना पड़ा। इस पर नितेश ने जब राहुल से रुपये लौटाने को कहा तो उसने इन्कार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। एसीपी स्वरूप नगर शिखर ने बताया कि आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

### महिला के नाम फर्जी फर्म, करोड़ों का लेन-देन

- **कल्याणपुर।** उत्तराखंड की एक महिला के नाम पर फजलगंज में फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों का लेनदेन किया। करोड़ों का जीएसटी बकाया होने का मोबाइल पर मैसेज आने के बाद महिला को अपने साथ हुए फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। उत्तराखंड के चंपावत टनकपुर निवासी रश्मि चड्ढा के अनुसार 2022 में उनके पैन नंबर का इस्तेमाल कर फजलगंज गड़रियन पुरवा में उनके नाम से फर्जी फर्म खोलकर करोड़ों का व्यापार किया गया। बीती 15 जुलाई को उनके मोबाइल पर दो करोड़, 59 लाख, 55 हजार, 506 रुपये जीएसटी बकाया का मैसेज आया। जिसे देख उनके होश उड़ गए। रश्मि के अनुसार वह कभी कनपुर में नहीं रही और न ही कोई फर्म उनके द्वारा संचालित की गई। शातिरों ने उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया है। बकाया न जमा होने पर उनका एसबीआई खाता सीज कर दिया गया है। बुधवार को कानपुर पहुंची रश्मि ने मामले की जानकारी पुलिस कमिश्नर को दी। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि मामला फजलगंज ट्रांसफर किया जाएगा।

### महिला को बाल पकड़कर घसीटा

**कानपुर।** चकेरी में घर के सामने गाली-गलौज का विरोध करना महिला को भारी पड़ा। पड़ोसी ने परिवार के साथ मिलकर महिला के बाल पकड़कर मारा-पीटा। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की है।

तीन मिनट 10 सेकेंड के वीडियो में महिला को कई युवक व महिलाएं बाल पकड़कर सड़क पर घसीट रही हैं और थप्पड़ जड़ रही हैं। महिला को धमका रहे हैं। बीबीपुर निवासी पार्वती पासवान का आरोप है कि पड़ोसी युवक उनके दरवाजे के सामने खड़े होकर गाली-गलौज कर रहा था। विरोध किया तो पीटा। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि जांच की जाएगी।

**कॉलोनी पर किया कब्जा:** कल्याणपुर के आवास विकास तीन में बुजुर्ग की कॉलोनी पर अधिवक्ता ने कब्जा कर लिया और 10 लाख रंगदारी मांगी। कानपुर देहात के रनियां परसौली निवासी महावीर प्रसाद के अनुसार आवास विकास तीन में उनकी ईडब्ल्यूएस कॉलोनी है, जिस पर अधिवक्ता कमलेश राजपूत ने जबरन कब्जा कर लिया है। उन्होंने जब कालोनी खाली करने को कहा तो गाली-गलौज कर 10 लाख रंगदारी मांगी। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**समस्याओं पर चर्चा** | कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के स्थापना दिवस पर उद्यमियों ने अफसरों को दिए सुझाव

# शहर में ट्रैफिक सुधार के लिए कमेटी का गठन जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर पुलिस कमिश्नरेट का स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्र के प्रतिनिधियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। बैठक में पुलिस कमिश्नरेट से जुड़े विभिन्न सुधारों को भी प्रतिनिधियों से मांगा गया। जिस पर उद्यमियों ने शहर के यातायात से जुड़ी समस्याएं और समाधान बताया। यातायात को सुधारने के लिए एक समिति का गठन करने का भी सुझाव दिया गया।

बैठक में फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने कहा कि शहर में यातायात प्रबंधन पर कम ध्यान दिया जा रहा है। अलग से फोर्स लगाकर सुधार करना चाहिए। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस आयुक्त को अपनी अध्यक्षता में एक समिति बनानी चाहिए, जिसमें उपायुक्त यातायात के साथ नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, केडीए के अधिकारी शामिल होने चाहिए। उन्होंने कहा कि अव्यवस्थित यातायात का मुख्य कारण सड़कों पर गड्ढे, बीच सड़क पर पत्थर या निर्माण सामग्री पड़ा होना, अतिक्रमण आदि हैं। इसे इन्हीं विभागों के सामंजस्य से सुधारा जा सकता है। बैठक में अभिनव तिवारी, सुभाषिनी खन्ना शिवहरे, आईएमए के अध्यक्ष डॉ अनुराग मेहरोत्रा, हरविंदर सिंह लार्ड, धनीराम पैंथर, बार एसोसिएशन के महामंत्री एडवोकेट राजीव यादव, लॉयर्स एसोसिएशन के महामंत्री एडवोकेट विनय कुमार मिश्रा, एडवोकेट सचिन दीक्षित सहित अन्य मौजूद रहे।



विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल। अमृत विचार

### वाहनों की आधी हेडलाइट ब्लैक करने का सुझाव

- कार्यक्रम के दौरान उद्यमी बलराम नरूला ने स्कूलों में बच्चों को साइबर अपराध के संबंध में जागरूक करके समाज में अधिक से अधिक लोगों तक साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता फैलाने का सुझाव दिया। इसी तरह शिवकुमार गुप्ता ने वाहनों की हेडलाइट को आधा काला करने का सुझाव दिया, जिससे यातायात में दुर्घटनाएं कम से कम हो।

### ये सुझाव दिए गए

- अपर पुलिस उपायुक्त और सहायक पुलिस आयुक्त के कार्यालय में मिलने का समय निश्चित होना चाहिए।
- कार्यक्षेत्र में अधिकारियों को कार्यालय दिया जाना चाहिए, ताकि लोगों को भाग-दौड़ से बचाया जा सके।
- इस्पात नगर क्षेत्र में कानून व्यवस्था के लिए पुलिस चौकी की स्थापना की जानी चाहिए।
- उद्योग और व्यापार के लिए ग्रीन चैनल स्थापित कर नोडल अधिकारी नामित किए जाएं।
- पुलिस कार्यालय में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ को सक्षम और प्रभावी बनाया जाए।
- पुलिस के साथ उद्यमियों को जोड़कर एक स्टीयरिंग कमेटी बनाई जाए।
- ऑटो और ई रिक्शा की अराजकता पर प्रभावी नियंत्रण किया जाए।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम ASHISH KUMAR से बदलकर ASHISH KUMAR MODI रख लिया है। भविष्य मे मुझे ASHISH KUMAR MODI के नाम से जाना व पहचाना जाये। C/0-HARIHAR PRASAD MODI ADD-KH NO-65 H-NO-135 GOLMOHAR COLONY, BHAISORA, KHARGAPUR PO-CHINHAT DIST-LUCKNOW-226028(U.P.)

**सूचना**

मेरा इंटरमीडिएट प्रमाण पत्र वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1105133 वास्तव में कहीं खो गया है। सुशील कुमार पुत्र शिवकुमार नि0 ग्रा0 खुदियापुर मौजा रामपुर मझिला, तिर्वा, कन्नौज।

**सूचना**

मैं सिद्धार्थ वर्मा पुत्र श्री विक्रमादित्य वर्मा निवासी- C- 163/5 हरिहर नगर इंदिरा नगर लखनऊ, अपने पुत्र नैमिष वर्मा जिसका आधार संख्या 829801021688 है का नाम नैमिष वर्मा से बदल कर विवान वर्मा करने की घोषणा करता हूँ। भविष्य में इनके सभी स्कूल और सरकारी दस्तावेजों में इनका नाम नैमिष वर्मा से बदलकर विवान वर्मा रहेगा ।

**सूचना**

मैंने अपना नाम RAMIZ से बदल कर MOHAMMAD RAMIZ रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: AATIF IQBAL R/O: 656/24, SUSHMA NAGAR UNITY CITY BHADURPUR KURSI ROAD VIKAS NAGAR LUCKNOW UTTAR PRADESH 226022

**सूचना**

मैं रीद्धि बरेजा पत्नी श्री ब्रजेश बरेजा निवासिनी- 561/15, सिंधु नगर, कृष्णा नगर, बिहाईड लखनऊ हॉस्पिटल, मानस नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226023 , विवाह से पूर्व मेरा नाम जिम्मी सहगल पुत्री श्री सतीश सहगल था। विवाह पश्चात मेरा नाम रीद्धि बरेजा पत्नी श्री ब्रजेश बरेजा हो गया है। उक्त दोनो नाम जिम्मी सहगल व रीद्धि बरेजा मेरे ही है, जिसे रीद्धि बरेजा के नाम से ही जाना जाये और माना जाये, जो कि सत्य व सही है।

## सिटी ब्रीफ

### बादल और बूंदाबांदी के बन रहे आसार

**कानपुर।** मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार हिमालय क्षेत्र में दो पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। पहला दौर शुक्रवार से तथा दूसरा रविवार से देखने को मिलेगा। मौसम में इस बदलाव की वजह से आने वाले दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा सकती है। दिन और रात के पारे में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 35 .6 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान करीब 20 डिग्री दर्ज किया गया। अगले दो दिन अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री कमी आने का अनुमान है। तेज हवाएं चलने पर बादल और बूंदाबांदी होने की भी संभावना है।

### मन की बात को लेकर भाजपा की तैयारी तेज

**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने 29 मार्च को होने वाले मन की बात कार्यक्रम की तैयारी को लेकर क्षेत्रीय बैठक की। उन्होंने 17 जिलों के लिए जिला संयोजकों की नियुक्ति की घोषणा की। क्षेत्रीय संयोजक अनूप अवस्थी ने बताया कि निगरानी हेतु मॉनिटरिंग टोली गठित की गई है। बैठक में कार्यक्रम को बूथ स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

### द स्पोर्ट्स हब में यूपी चैलेंजर ट्रॉफी कल से

**कानपुर।** यूपी वेटरंस क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से 28-29 मार्च को द स्पोर्ट्स हब में यूपी चैलेंजर ट्रॉफी आयोजित होगी। टी-20 प्रारूप में पूर्व रणजी और बोर्ड ट्रॉफी खिलाड़ी जेके, जैक्सन, गोल्डी और रिमझिम एकादश टीमों से खेलेंगे। अध्यक्ष आईएम रोहतगी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य पूर्व खिलाड़ियों को मंच देना है। नॉकआउट आधार पर होने वाले मुकाबलों में प्रदेश के कई जिलों के वेटरंस खिलाड़ी भाग लेंगे।

# 3500 रुपये में बिक रहा कॉमर्शियल सिलेंडर

## आपूर्ति वभाग की टीम ने गैस एजेंसी मालिक और होटल संचालक के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रीफिलिंग के खिलाफ गुरुवार को कार्रवाई हुई। आपूर्ति विभाग की टीम ने ओवररेटिंग और रीफिलिंग का खेल पकड़ा। दोनों मामलों में जिला प्रशासन की ओर से पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिले में अब तक एलपीजी की कालाबाजारी से जुड़ी 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं।

पहली कार्रवाई अशोक नगर स्थित बाबा फास्ट फूड पर हुई। जांच के दौरान होटल संचालक अशरफ अली एसबी एसोसिएट एजेंसी से कमर्शियल सिलेंडर 2945.30 की जगह 3500 रुपये में ले रहा था। आपूर्ति विभाग ने एजेंसी संचालक सचिन मिश्रा और होटल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के तहरीर दी है। मौके से तीन सिलेंडर भी जब्त किए गए।

दूसरी कार्रवाई काकादेव तुलसी नगर रोड पर एक गुमटी में घरेलू गैस की अवैध रीफिलिंग किए जाने पर की गई। टीम ने मौके से आरोपी समर को गैर-मानक सिलेंडरों में गैस भरते हुए पकड़ा। कार्रवाई के दौरान टीम को इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नौ छोटे सिलेंडर और रीफिलिंग उपकरण मिले। जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं का शोषण करने वाले और सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।


रसोई गैस के लिए एजेंसी के बाहर जुटी भीड़। अमृत विचार

- **विभागीय टीम की छापेमारी में जब्त किए गए तीन कॉमर्शियल गैस सिलेंडर**
- **जिला प्रशासन ने गैस कंपनियों और क्षेत्रीय अधिकारियों के फोन नंबर जारी किए**

**गैस की समस्या इन नंबरों पर बताएं:** जिला प्रशासन ने एजेंसियों की कंपनी के अधिकारी और क्षेत्र स्तर पर पूर्ति व खाद्य अधिकारी के नामों की सूची जारी की है। उपभोक्ता अपनी परेशानी इन अधिकारियों को बता सकते हैं। भारत पेट्रोलियम के हिमांशु कुमार को 7728824342, हिंदुस्तान पेट्रोलियम के दीपांकर पारीक को 9992987441, इंडियन ऑयल के ललित मोहन भट्ट को 9415019138, सिमरन रोहित को 8004912061, भूपेंद्र नौटियाल को 9415019137 फोन नंबर पर समस्या बताई जा सकती है। इसी तरह क्षेत्रीय स्तर के खाद्य व पूर्ति अधिकारी सतेन्द्र कुमार राय को 7355395814, प्रदीप कुमार मिश्रा को 8317020548, जितेन्द्र पाठक को 9984400111, राम निरंजन को 7080005031, यशवन्त शर्मा को 9452626651, शालिनी चतुर्वेदी को 9696597553, ओम प्रकाश को 9264973809, पूजा सिंह को 9919033943, लक्षिमन राम को 9415243757, प्रभाष त्रिपाठी को 9695687504, अभिषेक कुमार को 9335414120, राम कुमार शर्मा को 8840789197, अपराजिता सिंह को 9511432849, अमरजीत सिंह वैश्य को 9451882850, राकेश प्रकाश को 9918256549, दिनेश कुमार को 9415917767, अशफाक आलम फारूकी को 6392582611, आदित्य कुमार को 9015058035, शुभ्रा वर्मा को 8960924686, सुधाकर देव सिंह को 9415798755 पर कॉल कर समस्या बताई जा सकती है।


गुरुवार को पेट्रोल पंपों पर भी कतार दिखी। अमृत विचार

### पेट्रोल पंपों पर भी दिखने लगी वाहनों की कतार

- दूसरी ओर शहर के गैस एजेंसियों व पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों की भीड़ देखी गई। अधिकारियों का कहना है कि लोग पैनिक होकर अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। एजेंसी संचालकों का कहना है कि कूपन से गैस बुक कराने आ रहे लोग एक किताब की दो पर्ची फाड़कर दे रहे हैं। इसी लिए कूपन नंबर के आधार पर केवाईसी कराई जा रही है।

### 1000 से ज्यादा शिकायतें आईं, 50 फीसदी हल

- अब तक करीब 1000 शिकायतें आ चुकी हैं। हमने एक रजिस्टर बनाकर सभी शिकायतों का रिकॉर्ड रखा है। लगभग 50% शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। बाकी के लिए कंट्रोल रूम में 24 घंटे में 4 टीमें 6-6 घंटे की जिम्मेदारी के साथ काम कर रही हैं। सभी को प्रत्येक शिकायत को समझने और दूर करने को कहा गया है। सामान्य तौर पर डिलीवरी में 4 से 6 दिन का समय लग रहा है। जो शिकायतें अनसुनी है उनकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को दी जा रही है। अधिकारियों की टीम बनाकर निस्तारण कराया जा रहा है।

## कांग्रेस ने गैस संकट का समाधान मांगा

**कानपुर।** नवरात्र के पावन अवसर पर कांग्रेस कार्यालय तिलक हाल में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता ने किया। पूजन के उपरांत कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका तिलक कर उनका आशीर्वाद लिया गया और उन्हें भोजन व मिष्ठान ग्रहण कराकर दक्षिणा दी गई।

इस दौरान कांग्रेसियों ने देश में व्याप्त गैस की किल्लत और आर्थिक संकट से मुक्ति की कामना की। साथ ही सरकार को जनहित में उचित निर्णय लेने की सद्बुद्धि देने के लिए भी प्रार्थना की गई। उपस्थित लोगों ने कन्याओं से देश में सुख-समृद्धि और संकट से उबरने का आशीर्वाद मांगा। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि गैस और पेट्रोल की किल्लत को लेकर फैल रही अफवाहों ने आम जनता का जीवन प्रभावित किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही के कारण ऐसे हालात उत्पन्न हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से तत्काल प्रभावी कदम उठाकर आम लोगों को राहत देने की मांग की। कार्यक्रम में प्रतिभा अटल पाल, अजय श्रीवास्तव 'शीलू', अमिताभ दत्त मिश्रा, सुरेंद्र भदौरिया सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।


नए मंडल अध्यक्षों को प्रतीक चिह्न भेंट किए गए। अमृत विचार

### भाजपा के तीन नए मंडल अध्यक्षों का स्वागत

**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर जिले में तीन नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों का जिला कार्यालय में स्वागत किया गया। कल्याणपुर से राजेश तिवारी, गीतनगर से अखंड प्रताप सिंह और रायपुरवा से अनन्त मिश्र को जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने टीका, पटका व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर सभी से बात भी की।

# बंदी के कगार पर हर व्यापार, विभागों को लिखेंगे पत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका, ईरान और इजराइल युद्ध के बीच देश में पैदा हुए हालातों से व्यापारी परेशान है। जब बाजार में हालात विपरीत है। ऐसी स्थिति में सरकारी विभाग अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए व्यापारियों को परेशान करना बंद करें। इसके लिए व्यापारी सभी मुख्य सरकारी विभागों को पत्र लिखकर कार्रवाई न करने की मांग करेंगे।

यह निर्णय गुरुवार को व्यापारियों की बैठक में लिया गया। इस दौरान व्यापारियों ने बिजली, नगर निगम, जीएसटी सहित अन्य विभागों की ओर से शहर में हो रही कार्रवाई पर भी चर्चा की। कलक्टरगंज में कानपुर उद्योग व्यापार मंडल उत्तर की हुई बैठक में व्यापारियों ने व्यापार के लिए बनी विपरीत परिस्थितियों पर भी विचार किया। कहा कि इस तरह के हालातों के बीच सबसे अधिक खाने-पीने का कारोबार करने वाले व्यापारी परेशान है। इससे थोक मंडियों पर भी असर पड़ रहा है।

- **कानपुर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में मौजूदा हालातों पर चर्चा**


गुरुवार को बैठक करते कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

बैठक में जिलाध्यक्ष सुनील बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में कहा कि छोटे-छोटे व्यापार जिस तरह से बंदी के कगार पर हैं। व्यापार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा। इस कारण से व्यापारी वर्ग मे चिंता का विषय है। इसी तरह महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी ने कहा कि व्यापार मंडल ने निर्णय किया है सभी विभागों को व्यापारी हितों में सहायता की जाएगी। उनकी सहायता के लिए बिजली विभाग, नगर निगम और जिला आपूर्ति विभाग, जीएसटी विभाग को पत्र के माध्यम से व्यापारियों पर इस समय कार्रवाई न करने की मांग की जाएगी। सभा में मुख्य रूप से रामेश्वर गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, शरद गुप्ता, विराट गुप्ता, निखिल गुप्ता, मयंक यादव, संजीव अग्रवाल, सौरभ त्रिवेदी, अमित दोसर व गुलशन जायसवाल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।




## सिटी ब्रीफ

### क्रिकेट में खेरापति व सदर्न क्लब की जीत

**कानपुर।** केडीएमए क्रिकेट लीग में गुरुवार को खेले गए मुकाबलों में खेरापति क्लब, सदर्न क्लब और सी स्पोर्टिंग यूनियन ने जीत दर्ज की। पहले मैच में खेरापति क्लब ने एसएस क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से हराया, जहां विराट सिंह ने 146 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। दूसरे मैच में सदर्न क्लब ने केएन टाइटंस को 3 विकेट से हराया, जिसमें कृष्णा बाली ने अहम अर्धशतक जड़ा। तीसरे मैच में सी स्पोर्टिंग यूनियन ने वाईएमसीसी को 4 विकेट से हराया, जहां हर्षित गौतम प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

### जेसीपी ने बारादेवी मेले की देखी व्यवस्था

**कानपुर।** नवरात्रि के दौरान बारादेवी मंदिर में आयोजित मेले को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए गुरुवार को जेसीपी डॉ. विपिन ताडा पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मेला परिसर में बने पुलिस कंट्रोल रूम और सीसीटीवी कैमरों को देखा। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता और मुस्तैदी से काम करने के निर्देश दिए। साथ ही भीड़ प्रबंधन और कानून व्यवस्था को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। इस दौरान डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### लक्ष्मण मूर्छा प्रसंग ने किया भाव विभोर

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में चल रही हनुमान कथा के पांचवें दिन पूज्य महाराज विजय कौशल ने रामायण के लक्ष्मण मूर्छा प्रसंग को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण के मूर्छित होने पर भगवान राम ने एक सामान्य मनुष्य की तरह विलाप किया और अपने भ्रातृ प्रेम को व्यक्त करते हुए लक्ष्मण को सहोदर बताया। विजय महाराज ने हनुमान की अद्वितीय भक्ति का वर्णन करते हुए कहा कि लक्ष्मण की मूर्छा दूर करने के लिए हनुमान लंका से राजवैद्य सुषेण को लाए और उनके निर्देश पर संजीवनी बूटी लाने के लिए पूरा पर्वत ही उठा लाए। इस दौरान अयोध्या के ऊपर से गुजरते समय उनकी भेंट भरत से हुई, जिन्होंने उन्हें शीघ्र राम के पास पहुंचाया। उन्होंने यह भी बताया कि माता सीता ने हनुमान को अजर-अमर होने का आशीर्वाद दिया था।

# आस्था और आधुनिकता से खिला शहर का पर्यटन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश की योगी सरकार पौराणिक और धार्मिक स्थलों को संवारने का अपना संकल्प तेजी से जमीन पर उतार रही है। इससे कानपुर के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों पर सुविधाएं बढ़ने से पर्यटकों की संख्या भी तेजी से बढ़ने लगी है। बिठूर से लेकर घाटमपुर और शिवराजपुर तक प्राचीन मंदिरों में विकास की चमक साफ दिखाई दे रही है। इसके चलते बीते तीन साल में पर्यटकों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। पिछले वर्ष 66.98 लाख भारतीय और 3,931 विदेशी पर्यटकों ने शहर का भ्रमण किया है।



रात में दूधिया रोशनी से खूबसूरत नजर आती है बिठूर की टिकैत राय बारादरी। अमृत विचार

**घाटों पर हाईमास्ट, मंदिरों में फसाड लाइट से चमक उठी बिठूर की शोभा:** क्रांति और अध्यात्म की धरती बिठूर अब नए स्वरूप में पर्यटकों का स्वागत कर रही है। सरकार ने यहां पौराणिक ध्रुवटीला और साधन धाम आश्रम के पास गंगा नदी के किनारे घाटों का शानदार सुंदरीकरण कराया है। 75 लाख रुपये से यहां घाटों की नींव मजबूत करने, आरसीसी रैंप बनाने, फ्लोरिंग और शानदार म्यूरल आर्ट (भित्ति चित्र) उकेरने का काम किया गया है। रात के समय हाईमास्ट लाइटों की रोशनी में गंगा का तट अब काफी भव्य नजर आता है। शिव मंदिर और हनुमान मंदिर में फसाड लाइटिंग आकर्षण का केंद्र है।

**मेस्कर घाट पर आकर्षक गजीबो लोगों के लिए बने सेल्फी पॉइंट:** छावनी स्थित मेस्कर घाट की तस्वीर भी बदल गई है। 93.24 लाख रुपये यहां शेल्टर, चेंजिंग रूम, सैंड स्टोन फ्लोरिंग और एक भव्य 'वेलकम गेट' बनया गया है। इससे गंगा दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को अब बेहतर अनुभव मिल रहा है। घाट पर निर्मित आकर्षक गजीबो अब पर्यटकों के लिए सेल्फी पॉइंट और विश्राम का मुख्य केंद्र बन रहे हैं।

> सरकार की योजना के मुताबिक, कानपुर के सभी खास मंदिरों और ऐतिहासिक स्थानों को बेहतर बनाया जा रहा है। बिठूर और घाटमपुर जैसी जगह पर सुविधाएं बढ़ने से न सिर्फ पर्यटक बढ़े हैं, बल्कि स्थानीय लोगों को भी फायदा हो रहा है।
>
> – अर्जिता ओझा, जिला पर्यटन अधिकारी।

### पनकी हनुमान मंदिर परिसर में 184 लाख रुपये से कराया जाएगा सुंदरीकरण, बजट स्वीकृत

- पनकी हनुमान मंदिर के बाहरी भाग का सुंदरीकरण करीब 184 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। इसके लिए पूरा प्रारूप तैयार का लिया गया है। बजट स्वीकृत हो गया है। अभी यहां 13 .10 लाख से शौचालय ब्लॉक बनाया गया है। कल्याणपुर के मझियारी देवी मंदिर में 115 .98 लाख से यात्री विश्राम हॉल, सीसी रोड, शौचालय, बाउंड्री वॉल और हाईमास्ट लाइट लगाई गई है। अकबरपुर के राम-सीता मंदिर में 44 .49 लाख रुपये से सीसी टाइल्स और बाउंड्री बनाई गई है। कुडनी के हनुमान मंदिर में 95 .77 लाख से हॉल, शौचालय, इंटरलॉकिंग, सोलर लाइट और लैंडस्केपिंग का काम किया गया है।

### नवरात्र पर कूष्मांडा और बारह देवी मंदिरों में मिली सहूलियत, सोलर लाइटें लगाई गईं

- घाटमपुर के कुष्मांडा देवी मंदिर में 90 .63 लाख रुपये से यात्री हॉल, इंटरलॉकिंग और सोलर लाइट का काम हुआ है, वहीं मां भद्रकाली मंदिर में 98 .65 लाख से विश्राम गृह, शौचालय, सोलर लाइट और साइनेज लगाए गए हैं। इसी तरह सोमनाथ मंदिर में 79 .34 लाख से ओपन हॉल, बाउंड्री वॉल, गेट और हरियाली विकसित की गई है। बिल्हौर के खेरेश्वर शिव मंदिर में 134 .69 लाख से यात्री हॉल, आरओ वाटर कूलर, पत्थर के बेंच तैयार किए गए हैं। रावल देवी मंदिर और तालाब पर 104 .74 लाख से विश्राम गृह, शौचालय, सोलर लाइट और हॉर्टिकल्चर का काम हुआ है, जबकि बाराह देवी मंदिर में 111 .96 लाख से यात्री सुविधाएं, इंटरलॉकिंग और साइनेज लगाए गए हैं।

# जवारा संग दिखी आस्था की लहर

## नवरात्र की अष्टमी पर मां महागौरी की साधना और आराधना, श्रद्धा और भक्ति में डूबा शहर



नवरात्र की अष्टमी पर भारी-भरकम जवारा जुलूस निकले। अमृत विचार



महिलाओं में दिखा सांग लगाने का उत्साह। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के आठवें दिन महाअष्टमी पर मां महागौरी की आराधना पूरे शहर में श्रद्धा और भक्ति के साथ की गई। सुबह से ही प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु हाथों में फूल, नारियल, सांग और प्रसाद लेकर मां के दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। मंदिरों में भक्ति का माहौल देखते ही बन रहा था। मां महागौरी को शक्ति, साहस और निर्भयता का प्रतीक माना जाता है।

### आस्था के साथ सांग व सुइयां लगाने का उत्साह

- बारादेवी, जवाहर नगर, तपेश्वरी व जूही क्षेत्र से श्रद्धालु पारंपरिक गीत-संगीत के साथ सांग और सुई लगा कर निकले। जिसमें पांच किलो से सवा कुंटल वजनी सांग के साथ भक्तों ने जयकारों के बीच यात्रा निकाली, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भय, संकट और कष्टों के निवारण की कामना की। घरों में भी विशेष पूजन, कन्या पूजन और हवन का आयोजन किया गया। देवी मंदिरों को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया, जिससे वातावरण और अधिक भक्तिमय हो उठा। शाम के समय शहर के परेड , किदवई नगर, विजय नगर , हैलेट कैंपस , स्वरुप नगर , ग्वालटोली, खलासी लाइन, गोविंद नगर से जवारे उठाकर श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ देवी मंदिरों में पहुंचे।

बारादेवी, जंगली देवी, तपेश्वरी सहित अन्य प्रमुख शक्तिपीठों पर भक्तों ने शीश झुकाकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पुजारियों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ और विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां दुर्गा की आठवीं शक्ति महागौरी हैं, जिनका वर्ण अत्यंत गौर और श्वेत आभूषणों से अलंकृत है। कहा जाता है कि कठोर तपस्या के बाद भगवान शिव ने गंगाजल से उनका अभिषेक किया, जिससे उनका स्वरूप अत्यंत कांतिमान हो गया। मान्यता है कि मां महागौरी की उपासना से पाप नष्ट होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

### राधा गोविंद धाम में श्रीराम जन्मोत्सव

**कानपुर।** राधा गोविंद धाम ( साधना भवन) गंथगा बैराज स्थित में श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर हवन-पूजन व भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन के दौरान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर 56 भोग अर्पित किया गया तथा महाआरती के समय पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

भक्तों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से प्रभु के गुणगान किए और "जय श्रीराम" के जयकारों से परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विभिन्न भक्तिमय प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें कलाकारों ने राम जन्मोत्सव की महिमा का वर्णन किया। आयोजक ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होता है। वहीं कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुजेश्वरी देवी ने किया। इस दौरान मनोज,शिप्रा अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, श्वेता, पिंकी आदि लोग उपस्थित रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



श्री रामनवमी समिति की ओर से यात्रा निकाली गई। अमृत विचार

### सिर पर पगड़ी लगा मातृ शक्ति वाहन यात्रा घूमी

**कानपुर।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी के पावन अवसर पर श्री रामनवमी समिति के तत्वावधान में भव्य मातृ शक्ति वाहन यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में माताएं व बहनों ने दोपहिया और चौपहिया वाहनों के साथ शामिल हुईं, जिससे पूरे मार्ग पर भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

यात्रा का शुभारम्भ जुही मांगलिक की शोभा अग्रवाल द्वारा भगवा झण्डा दिखाकर किया गया। वाहन यात्रा जैसे-जैसे विभिन्न मार्गों से गुजरी, वैसे-वैसे जगह जगह स्थानीय लोगों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। जय श्रीराम और माता के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला, खासकर महिलाओं की सहभागिता ने यात्रा को और भी आकर्षक बना दिया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। यात्रा के समापन पर महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने आगामी श्री रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया।

# आज निकलेगी श्रीराम नवमी शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चैत्र मास शुक्ल पक्ष नवरात्रि का समापन शुक्रवार को होगा। सुबह घरों में हवन पूजन के साथ कन्या पूजन के बाद व्रती व्रत का पारण करेंगे। जबकि शाम के समय शहर के विभिन्न इलाकों से श्रीराम नवीन शोभायात्रा निकाली जाएगी। रावतपुर, मसवानपुर, शारदानगर, विजय नगर, केशवपुरम आदि इलाकों को केसरिंग झंडे से पाट दिया गया है। यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। इसके साथ ही शहर में जगह-जगह जवारे भी निकाले जाएंगे।

अशोक वाटिका, मसवानपुर, पनकी, अंबेडकरपुरम, विजय नगर आदि इलाकों से जुलूस लेकर श्रद्धालु रावतपुर गांव स्थित रामलला मंदिर पहुंचेंगे और फिर वहां से शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में भगवान राम, लक्ष्मण, जानकी, हनुमान जी, भगवान शिव आदि देवी देवताओं की झांकी निकाली जाएगी। शिवाला, लाठी मोहाल से भी जुलूस निकलेगा।

### शिवाला क्षेत्र में शोभायात्रा को लेकर विवाद

शिवाला और लाठी मोहाल से निकलने वाली यात्रा के रूट को लेकर अभी विवाद थमा नहीं है। लाठी मोहाल से निकलने वाली यात्रा के पदाधिकारी चाहते हैं कि वे रामगोला शिवाला से निकलने वाले रूट पर चलें लेकिन शिवाला से निकलने वाली यात्रा के पदाधिकारियों ने विरोध किया है। श्री रामनवमी महोत्सव समिति शिवाला द्वारा रामगोला से बड़ा चौराहा, चूड़ी मार्केट, प्रयाग नारायन शिवाला, संगम लाल मंदिर, कमला टावर होते हुए निकलने वाली शोभायात्रा नयागंज चौराहा, मारवाड़ी कालेज, हूलागंज, भूसाटोली, नागेश्वर मंदिर नयागंज, जनरलगंज, मनीराम बगिया, मेस्टन रोड, चौक सर्राफा, कोतवाली चौराहा होते हुए रामगोला मेस्टन रोड पहुंचेगी। इस लाठी मोहाल रामनवमी महोत्सव समिति की ओर से लाठी मोहाल से निकलने वाली यात्रा जनरलगंज, नयागंज चौराहा, नयागंज किराना बाजार, शक्कर पट्टी, बादशाहीनाका, जनरलगंज, मनिराम बगिया, मेस्टनरोड, कोतवाली चौराहा, शिवाला, संगम लाल मंदिर कमला टावर, सिरकी मोहाल होते हुए लाठी मोहाल पहुंचती है। इस समिति के पदाधिकारी चाहते हैं कि उनकी यात्रा को रामगोला से निकलने वाली यात्रा वाले रूट से जाने की अनुमति दी जाए। इसी का विवाद है।

# उद्यमिता महोत्सव में युवाओं को मिलेंगे रोजगार के टिप्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसए विवि में 27 से 29 तक तीन दिवसीय उद्यमिता कॉनक्लैव का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन में 150 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। उद्यमिता महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता व रोजगार से जोड़ना है। इस आयोजन के दौरान विशेषज्ञ युवाओ को कारोबार के सरल तरीके और चुनौतियों का सामना करना भी सिखाएंगे।




महोत्सव के बारे में जानकारी देते सीएसए विवि के कुलपति। अमृत विचार

यह जानकारी गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलपति व मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन ने दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष में युवाओं को रोजगार एवं उद्यमिता से जुड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यमिता कॉन्क्लेव एवं क्षेत्रीय ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी, सलिल बिश्नोई, अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार, सीएसजेएमयू के कुलपति डॉ विनय कुमार पाठक, एसबीटीयू के कुलपति डॉ शमशेर, उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश के रूप में स्थापित करने में एक प्रभावी कदम है। यहां सीएसए विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. कौशल कुमार, निदेशक प्रसार डॉ. विवेक त्रिपाठी, निदेशक शोध डॉ. महक सिंह, अर्थ नियंत्रक संजय कुमार राय, डॉ. नौशाद खान एमएसएमई के अधिकारी रहे।

**तीन एमओयू भी होंगे:** उद्योग तीन संस्थानों के साथ एमओयू भी किए जाएंगे। सबसे महत्वपूर्ण एमओयू आईआईटी के साथ होगा। एमओयू के तहत दोनो ही संस्थानों की ओर से कृषि क्षेत्र में किए जाने वाले शोध व शिक्षा के लिए सहायता की जाएगी। तकनीकी सहयोग के लिए एचबीटीयू के साथ भी एमओयू किया जाएगा। तीसरा एमओयू सुगंध व अरोमा के लिए सुगंध व सुरस विकास केंद्र से किया जाएगा।

### स्टार्टअप आइडिया पर मिलेगा पुरस्कार

- आयोजन में स्टार्टअप आइडिया प्रतियोगिता में संस्थाओं से आए सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप आइडिया को पुरस्कृत भी किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में विजेताओं को 1 लाख, द्वितीय स्थान पर 50 हजार एवं तृतीय स्थान पर 30 हजार तथा सभी चुने हुए प्रतिभागियों को 10 हजार रुपये हासिल होंगे।

### प्रदर्शनी में विभिन्न सेक्टर के स्टॉल लगेंगे

- कार्यक्रम में 150 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें एग्री टेक के 35, टेक्सटाइल के 35, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के 35, सर्विस सेक्टर के 35, ओडीओपी के 35 बिजनेस ऑन व्हील्स सेक्टर के स्टॉल शामिल हैं। इसके साथ ही ओडीओपी और एमएसएमई सेक्टर की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

**समीक्षा बैठक** | कानपुर मंडल ने 90 फीसदी लक्ष्य पूरा किया, कबीना मंत्री राकेश सचान ने निर्देश दिए कि पेंडेंसी कम करने के लिए आवेदन निरस्त न करें

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में 10,514 युवाओं को मिला ऋण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** युवाओं को स्वरोजगार के लिए आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत कानपुर मंडल में 11,700 के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 25,289 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए, जिनमें 10,514 आवेदन स्वीकृत करके 10,002 युवाओं को ऋण वितरण किया जा चुका है। यह जानकारी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा रेशम विभाग के मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित त्रि-मंडलीय (कानपुर, झांसी एवं चित्रकूटधाम) की समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में मंत्री ने मंडल में लंबित 2,065 आवेदनों पर निर्णय लेकर 31 मार्च तक ऋण वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




तीन मंडलों की बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा करते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग सुनील कुमार ने तीनों मंडलों की वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि तीनों मंडलों में 4200 आवेदन बैंक स्तर पर लंबित हैं, 788 स्वीकृत प्रकरणों में ऋण वितरण शेष है। इस पर मंत्री ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में बिना ठोस कारणों के आवेदन निरस्त किए जाने के मामलों की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने निर्देश दिए कि केवल पेंडेंसी कम करने के लिए आवेदन निरस्त न किए जाएं, बल्कि पात्र आवेदकों की हैंडहोल्डिंग करते हुए अधिकतम स्वीकृति सुनिश्चित की जाए। राज्य नोडल अधिकारी ने अवगत कराया कि पोर्टल में संशोधन कर दिया गया है, जिससे बिना कारण बताए आवेदन निरस्त नहीं किए जा सकेंगे। बैठक में मंडलायुक्त के. विजयेन्द्र पांडियन, राज्य नोडल अधिकारी (सीएम युवा) सर्वेश्वर शुक्ला, संयुक्त आयुक्त उद्योग कानपुर मण्डल सुनील कुमार, चित्रकूट मण्डल के संयुक्त आयुक्त उद्योग सुधीर कुमार श्रीवास्तव, झांसी मण्डल के संयुक्त आयुक्त उद्योग सुधांशु तिवारी, एसएलबीसी प्रतिनिधि भवानी शंकर परिधा, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक कानपुर नगर आदित्य चंद्रा सहित विभिन्न जनपदों के उपायुक्त उद्योग, सीएम युवा फेलोज, फाइनेंशियल एक्सपर्ट एवं विभिन्न बैंकों के क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जानिए क्या है योजना, कितना मिलेगा फायदा और कैसे करना होगा ऋण के लिए आवेदन

- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार 21 से 40 वर्ष के युवाओं को अपना एमएसएमई व्यवसाय शुरू करने के लिए 5 लाख रुपये तक का ब्याज-मुक्त और बिना गारंटी का ऋण प्रदान करती है। योजना में 10% मार्जिन मनी अनुदान और 4 वर्षों तक ब्याज की पूरी राशि सरकार वहन करती है। योजना का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए आत्मनिर्भर बनाना है, जिसका लाभ उठाने के लिए न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। ऑनलाइन पोर्टल msme.gov.in या आधिकारिक वेबसाइट cmyuva.org.in पर आवेदन किया जा सकता है।

# धुरंधर-2 में 'मन अटकैया' ने दिया बड़ा ब्रेक: वैभव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।



अपने शहर पहुंचे सिंगर वैभव गुप्ता ।

**अमृत विचार।** ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर 2' से बॉलीवुड में शानदार शुरुआत करने के बाद सिंगर वैभव गुप्ता गुरुवार को शहर आए। इस दौरान इंडियन आइडल विजेता ने साल की सबसे बड़ी फिल्म में 'मन अटकैया...' गाने को लेकर कहा कि मेरा इससे अच्छा डेब्यू नहीं हो सकता था। इस फिल्म ने दुनिया भर में 800 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

इंडियन आइडल जीतने के दो साल बाद आदित्य धर की फिल्म धुरंधर-2 में गाए अपने गाने को उन्होंने बॉलीवुड में बड़ा ब्रेक बताया। 'मन अटकेया'गाना सबसे पहले नुसरत फतेह अली खान ने गाया था। इसी गाने को रीक्रिएट करके धुरंधर में इस्तेमाल किया गया है। वैभव अब 'ऑपरेशन सिंदूर' मूवी के लिए भी गाना गाएंगे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय सीएसजेएमयू यूनिवर्सिटी और शिक्षकों को देते हुए कहा कि इसी शहर ने उनकी प्रतिभा को तराशा है। वैभव गुप्ता ने कहा कि बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर के रूप में कानपुर वापस आना भावुक पल है। शहर के लोगों के प्यार के बिना यह मुमकिन नहीं था। इस मौके पर कुणाल तिवारी, सुधीर गुप्ता, यशी गुप्ता उपस्थित रहे।

